E PAPER

# थिंक राजस्थान

सोच नई, राजस्थान के लिए

वर्ष: 01 | अंक: 10 | पृष्ठ: 8 | अंग्रेजी/हिन्दी (दैनिक) | जयपुर, शुक्रवार 24 जुलाई, 2026 | मूल्य: ₹10.00 | प्रभात | RNI NO. RJMUL/26/A4290

# शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दें, जेपी नड्डा बातचीत करने जंतर-मंतर आएं: सौरभ दास

नई दिल्ली। दिल्ली के जंतर-मंतर पर जारी प्रदर्शन के बीच कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के मुख्य प्रवक्ता सौरव दास ने सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का सोशल मीडिया पोस्ट पर्याप्त नहीं है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग दोहराते हुए सौरभ दास ने कहा कि जब तक उन्हें मंत्रिमंडल से हटाया नहीं जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। साथ ही, उन्होंने केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा पर भी सवाल उठाया कि वे प्रदर्शनकारियों से मिलने स्वयं जंतर-मंतर या किसी तटस्थ स्थान पर क्यों नहीं आ रहे हैं। सौरभ दास ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में कहा कि देशभर से बड़ी संख्या में लोग सिर्फ एक मांग को लेकर दिल्ली पहुंचे हैं और वह है शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा। आंदोलन तब तक समाप्त नहीं होगा, जब तक सरकार उनकी इस मांग को स्वीकार नहीं करती। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदर्शन के बीच कुछ असामाजिक तत्वों को जानबूझकर घुसाने की कोशिश की जा रही है, ताकि माहौल खराब हो और पुलिस के साथ टकराव की स्थिति बने। प्रदर्शनकारियों से सतर्क रहने की अपील करते हुए, उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी और उन्हें पुलिस के हवाले किया जाएगा। उन्होंने प्रधानमंत्री के हालिया एक्स पोस्ट पर कहा कि यह केवल एक 'बैंड-एड मेजर' है, जिससे समस्या का समाधान नहीं होगा। सरकार लोगों को भ्रमित करने के बजाय अपने मंत्री का इस्तीफा ले। आखिर धर्मेंद्र प्रधान को मंत्रिमंडल में बनाए रखने की ऐसी क्या मजबूरी है और सरकार को इस पर जवाब देना चाहिए।

पेपर लीक मामलों की सुनवाई फास्ट-ट्रैक कोर्ट पर कराने की बात पर भी दास ने सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि यदि मौजूदा अदालतों को ही फास्ट-ट्रैक कोर्ट में बदल दिया जाएगा तो इससे पहले से लंबित करोड़ों मामलों का बोझ और बढ़ेगा। यदि सरकार वास्तव में न्याय व्यवस्था को तेज करना चाहती है तो नए न्यायालय स्थापित करने होंगे, नए न्यायाधीशों की नियुक्ति करनी होगी और ईमानदार व निष्पक्ष जजों को जिम्मेदारी देनी होगी। केवल ढांचा बदलने से व्यवस्था नहीं सुधरेगी, जब तक महत्वपूर्ण पदों पर योग्य और ईमानदार लोगों की नियुक्ति नहीं होती। इसी तर्क के आधार पर उन्होंने धर्मेंद्र प्रधान को पद से हटाने की मांग को उचित ठहराया। सरकार के साथ बातचीत को लेकर दास ने बताया कि एक बार फिर जेपी नड्डा के



कार्यालय से उन्हें मिलने का निमंत्रण मिला है। हालांकि, उन्होंने इसे स्वीकार करने से इनकार करते हुए कहा कि वे न तो जेपी नड्डा के घर जाएंगे और न ही उनके कार्यालय। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले भी उन्हें कई घंटे तक रोके रखा गया था। यदि सरकार वास्तव में समाधान चाहती है तो जेपी नड्डा खुद जंतर-मंतर आएं या फिर किसी तटस्थ स्थान पर बातचीत करें।

विदेशी फंडिंग और बाहरी ताकतों से समर्थन मिलने के आरोपों को खारिज करते हुए दास ने कहा कि उनके खिलाफ समय-समय पर कई तरह के आरोप लगाए गए, लेकिन कुछ भी साबित नहीं हुआ। कभी जॉर्ज सोरोस, कभी चीन, पाकिस्तान, अमेरिका के 'डीप स्टेट', आतंकवाद और अन्य तरह के आरोप लगाए गए, लेकिन इनमें से कोई भी टिक नहीं पाया। उनके खिलाफ झूठे नैरेटिव गढ़े जा रहे हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि जो लोग इस तरह के आरोपों को बढ़ावा दे रहे हैं, भविष्य में उन्हें भी जवाबदेह ठहराया जाएगा। सौरव दास ने कहा कि आंदोलन का उद्देश्य पूरी तरह शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से अपनी मांगों को सरकार तक पहुंचाना है। उन्होंने प्रदर्शन में शामिल लोगों से संयम बनाए रखने और किसी भी प्रकार की अफवाह या उकसावे से बचने की अपील की। उनका कहना था कि आंदोलन की विश्वसनीयता बनाए रखना सभी प्रतिभागियों की सामूहिक जिम्मेदारी है और किसी भी तरह की हिंसा या अव्यवस्था से आंदोलन के मूल उद्देश्य को नुकसान पहुंच सकता है।

# जवाहर सर्किल पर पत्रिका गेट के सामने युवाओं का प्रदर्शन; पुलिस और कोचिंग माफिया के खिलाफ जताया रोष



जयपुर। राजधानी जयपुर के प्रसिद्ध जवाहर सर्किल स्थित पत्रिका गेट के सामने गुरुवार को बड़ी संख्या में युवाओं और प्रतियोगी परीक्षार्थियों ने उग्र प्रदर्शन किया। जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर हुए पुलिस लाठीचार्ज और राजस्थान में कोचिंग संस्थानों की मनमानी व धांधलियों के विरोध में यह प्रदर्शन आयोजित किया गया था। प्रदर्शनकारी युवा हाथ में तख्तियां और बैनर लेकर पत्रिका गेट के सामने एकत्र हुए और केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। युवाओं के अचानक जमा होने से जवाहर सर्किल के आसपास यातायात प्रभावित हो गया। प्रमुख मांगें: युवाओं ने जंतर-मंतर लाठीचार्ज के दोषी पुलिस अधिकारियों पर कार्रवाई करने, राजस्थान में प्रतियोगी परीक्षाओं को पारदर्शी बनाने और कोचिंग सेंटरों की फीस व व्यवस्थाओं पर नकेल कसने की मांग की।

पुलिस बल तैनात: सूचना मिलते ही जवाहर सर्किल थाना पुलिस और अतिरिक्त जाब्ता मौके पर पहुंचा। पुलिस अधिकारियों ने प्रदर्शन कर रहे युवाओं से बातचीत की और शांतिपूर्वक ज्ञापन सौंपकर रास्ता खाली करने की समझाइश की।

गौरतलब है कि दिल्ली के जंतर-मंतर और मुंबई के शिवाजी पार्क में छात्रों के प्रदर्शन पर हुई पुलिस कार्रवाई का असर अब राजस्थान के प्रमुख शहरों में भी देखने को मिल रहा है। जयपुर से लेकर जोधपुर, कोटा और अजमेर तक छात्र संगठन और युवा सड़कों पर उतरकर विरोध दर्ज करा रहे हैं।

## विपक्षी सांसदों के साथ गांधी स्मृति के लिए निकले राहुल गांधी

नई दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष (LoP) और वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी बुधवार को विपक्षी दलों के सांसदों के साथ दिल्ली स्थित अपने आवास से गांधी स्मृति के लिए रवाना हुए। बस को रास्ते में ही रोक दिया गया। विरोध के बाद जाने दिया। पुलिस फोर्स भी साथ-साथ रवाना। संसद भवन परिसर और देश भर में जारी राजनीतिक घटनाक्रमों के बीच राहुल गांधी और विपक्षी दलों के नेताओं ने एकजुटता का संदेश देने के लिए एक साथ एक ही बस में यात्रा की। रास्ते में रोका गया और बाद में जाने दिया। राहुल गांधी के आवास के बाहर से रवाना हुई इस बस में कांग्रेस सहित विभिन्न विपक्षी (INDIA गठबंधन) दलों के प्रमुख सांसद और प्रतिनिधि मौजूद रहे।

एकजुटता का संदेश: विपक्षी सांसदों ने महात्मा गांधी के विचारों, अहिंसा और शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक अधिकारों का समर्थन करने का संकल्प दोहराया।

गांधी स्मृति का महत्व: नई दिल्ली स्थित 'गांधी स्मृति' (पुराना बिड़ला हाउस) वह ऐतिहासिक स्थान है जहाँ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने अपने जीवन के अंतिम दिन बिताए थे।

बस को रास्ते में रोके जाने की घटना को लेकर भी विपक्षी नेताओं ने अपनी प्रतिक्रिया दी।

## नीट पेपर लीक पर फास्ट ट्रैक कोर्ट की घोषणा से नहीं माने अरविंद केजरीवाल, बोले- बच्चों ने धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा मांगा था



नई दिल्ली। नीट पेपर लीक मामलों में केंद्र सरकार द्वारा फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाए जाने की घोषणा के बाद आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सरकार का यह फैसला छात्रों की मूल मांग से पूरी तरह अलग है और इसे केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को बचाने की कोशिश बताया। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि देशभर के छात्र लगातार पेपर लीक की घटनाओं और जंतर-मंतर पर हुए प्रदर्शन के दौरान केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग कर रहे थे। उनका आरोप है कि प्रधानमंत्री ने इस मुद्दे पर धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे को लेकर कोई जवाब नहीं दिया, बल्कि फास्ट ट्रैक कोर्ट की घोषणा कर मामले की लीपापोती करने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि देश में पहले से ही दुष्कर्म, पॉक्सो और अन्य गंभीर मामलों के लिए कई फास्ट ट्रैक कोर्ट संचालित हैं, लेकिन अनेक अदालतों में समय पर सुनवाई नहीं हो पाती। कई मामलों में फास्ट ट्रैक कोर्ट में भी सामान्य अदालतों से अधिक समय लग जाता है। ऐसे में केवल नई अदालतों की घोषणा करने से समस्या का समाधान नहीं होगा।

अरविंद केजरीवाल ने सवाल उठाया कि छात्रों की सबसे बड़ी चिंता भविष्य में पेपर लीक रोकने की है, लेकिन सरकार ने ऐसी किसी व्यवस्था या सुधार का ऐलान नहीं किया जिससे युवाओं का भरोसा बहाल हो सके। उन्होंने कहा कि यदि परीक्षा प्रणाली में कोई ठोस बदलाव नहीं किया गया तो आने वाले वर्षों में भी पेपर लीक की घटनाएं दोहराई जाएंगी और लाखों छात्रों का भविष्य दांव पर लगता रहेगा। उन्होंने जंतर-मंतर पर छात्रों के प्रदर्शन का भी उल्लेख करते हुए दावा किया कि प्रदर्शन के दौरान छात्रों के साथ बर्बरता हुई। केजरीवाल ने कहा कि वह स्वयं जंतर-मंतर जाकर छात्रों से मिले थे और उनकी स्थिति देखी थी।

## संसद परिसर में INDIA गठबंधन का विरोध प्रदर्शन, राहुल गांधी और अखिलेश यादव ने दिखाई एकजुटता

नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद मल्लिकार्जुन खड़गे , राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव और दूसरे लोग पार्लियामेंट कैंपस के अंदर मकर द्वार पर INDIA गठबंधन प्रदर्शन में शामिल हुए। समाजवादी पार्टी के चीफ अखिलेश यादव ने कहा, 'हम उत्तर प्रदेश से हैं। हम UP सरकार का काम देख रहे हैं, और हम भारत सरकार को भी देख सकते हैं। यह किसकी जवाबदेही है? सरकार की जवाबदेही थी। ऐसा लगता है कि उनकी क्षमता अकाउंट भरने तक ही सीमित है और हम उत्तर प्रदेश में इसे बहुत करीब से देख रहे हैं। जवाबदेही क्या है? अकाउंट भरने की उनकी क्षमता ही उनकी जवाबदेही लगती है।' TMC MP महुआ मोइत्रा ने कहा, 'आज लगातार तीसरे दिन दिल्ली के सभी मेट्रो स्टेशन बंद कर दिए गए हैं। ये लोग इस तरह सरकार नहीं चला सकते। दिल्ली घिर गई है।

# अब वॉट्सऐप पर ही मिलेगी बिजली एवं नगरीय सेवाओं की सुविधा -21 नई सेवाएं हुईं शामिल

जयपुर। राज्य सरकार द्वारा नागरिकों को घर बैठे सरल, त्वरित एवं पारदर्शी डिजिटल सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए ई-मित्र वॉट्सऐप सेवा का दायरा बढ़ा दिया गया है। अब इस प्लेटफॉर्म पर जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (जेवीवीएनएल) तथा स्वायत्त शासन विभाग की 21 नई सेवाएं भी उपलब्ध करा दी गई हैं। इससे नागरिक बिजली संबंधी सेवाओं के साथ-साथ विभिन्न नगरीय सेवाओं का लाभ भी सीधे अपने मोबाइल पर वॉट्सऐप के माध्यम से प्राप्त कर सकेंगे। सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के विशिष्ट सचिव एवं आयुक्त हिमांशु गुप्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा 1 जुलाई को आयोजित 'नेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन ई-गवर्नेंस' के दौरान ई-मित्र वॉट्सऐप सेवा का शुभारंभ किया गया था। शुभारंभ के बाद से ही नागरिकों का इस सेवा के प्रति उत्साह लगातार बढ़ रहा है। अब तक 1.40 लाख से अधिक बार नागरिक इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से विभिन्न सरकारी सेवाओं का लाभ प्राप्त कर चुके हैं, जो इस पहल की बढ़ती लोकप्रियता और उपयोगिता का प्रमाण है। गुप्ता ने बताया कि सेवा के प्रथम चरण में 51 सरकारी सेवाएं उपलब्ध कराई गई थीं। अब नागरिकों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए इसमें 21 नई सेवाओं का विस्तार किया गया है, जिससे अधिक से अधिक सरकारी सेवाएं एक ही डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध हो रही हैं।

राज्य सरकार द्वारा इस सेवा के लिए वॉट्सऐप नंबर 9461062705 जारी किया गया है। नागरिक इस नंबर को अपने मोबाइल में सेव कर वॉट्सऐप पर 'Hi', 'Hello', 'eMitra', 'Hi eMitra', 'Hello eMitra' अथवा 'Hi Team' जैसे सामान्य संदेश भेजकर सेवा प्रारंभ कर सकते हैं। इसके बाद उपलब्ध सेवाओं की सूची में से आवश्यक सेवा का चयन कर कुछ ही क्लिक में संबंधित सुविधा का लाभ प्राप्त किया जा सकता है। यह सेवा हिंदी एवं अंग्रेजी दोनों भाषाओं में



उपलब्ध है तथा नागरिक द्वारा चयनित भाषा के अनुसार आगे के सभी विकल्प प्रदर्शित किए जाते हैं। ई-मित्र वॉट्सऐप सेवा के अंतर्गत 'विद्युत विभाग (जयपुर)' श्रेणी में अब निम्नलिखित सेवाएं उपलब्ध हैं—शिकायत दर्ज करें (Complaint Registration)बिजली बिल डाउनलोड करें (Download Bill)शिकायत की स्थिति जानें (Check Complaint Status)के-नंबर खोजें (Find K Number)

इन सेवाओं के माध्यम से उपभोक्ताओं को अब बिजली कार्यालयों के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं होगी। वे अपने मोबाइल से ही शिकायत दर्ज कर सकेंगे, उसकी स्थिति जान सकेंगे, बिजली बिल डाउनलोड कर सकेंगे तथा अपना के-नंबर भी आसानी से खोज सकेंगे। इससे समय की बचत होने के साथ सेवा वितरण अधिक पारदर्शी एवं सुविधाजनक बनेगा।

स्वायत्त शासन विभाग की विभिन्न ऑनलाइन सेवाओं को भी इस प्लेटफॉर्म से जोड़ा गया है।

## आरडीआई फंड के तहत 4,744 करोड़ रुपए की 22 परियोजनाओं को मिली मंजूरी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार के टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट बोर्ड (टीडीबी) ने रिसर्च, डेवलपमेंट एंड इनोवेशन (आरडीआई) फंड के तहत 4,744 करोड़ रुपए की कुल लागत वाली 22 परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इन परियोजनाओं के लिए 2,192 करोड़ रुपए की आरडीआईएफ सहायता स्वीकृत की गई है। इसकी जानकारी गुरुवार को संसद में दी गई। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने राज्यसभा में बताया कि बायोटेक्नोलॉजी इंडस्ट्री रिसर्च असिस्टेंस काउंसिल (बीआईआरएसी) ने भी आरडीआईएफ के तहत सहायता के लिए 390.35 करोड़ रुपए की 8 अन्य परियोजनाओं को शॉर्टलिस्ट किया है। अब तक आरडीआईएफ के तहत दोनों एसएलएफएम (टीडीबी और बीआईआरएसी) को 1,000-1,000 करोड़ रुपए की मंजूरी दी जा चुकी है। यह राशि पात्र प्रौद्योगिकी संस्थाओं और कंपनियों में निवेश के लिए उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में निजी निवेश में लगभग छह गुना वृद्धि हुई है।

## पिछले 24 घंटों में सीजेपी के साथ बातचीत के लिए चार प्रस्ताव: जितेंद्र सिंह

नई दिल्ली। केंद्रीय राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने गुरुवार को कहा कि सरकार ने पिछले चौबीस घंटों में कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के साथ बातचीत के लिए चार औपचारिक प्रस्ताव रखे हैं, लेकिन पार्टी ने उनकी पहल पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है और न ही कोई बातचीत की है। केंद्रीय मंत्री ने आईएएनएस को बताया कि सरकार ने जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन कर रहे छात्रों से 'बेहद विनम्रता' के साथ संपर्क किया है और इस बात पर जोर दिया है कि बातचीत ही इस गतिरोध को खत्म करने का एकमात्र रचनात्मक तरीका है।

उन्होंने कहा कि हम उनका इंतजार कर रहे हैं। हमारे दरवाजे चौबीसे घंटे खुले हैं। हमने पिछले 24 घंटों में कम से कम चार बार उनसे संपर्क किया है। हम चाहते हैं कि वे नीट सहित सभी मुद्दों पर बातचीत में शामिल हों।

केंद्रीय मंत्री ने छात्रों से बातचीत के लिए आगे आने का आग्रह किया और कहा कि सरकार उनके हित में बातचीत के जरिए इस मुद्दे को सुलझाने की इच्छुक है।

उन्होंने आगे कहा कि सरकार के प्रतिनिधि



के तौर पर केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा छात्रों की बातें सुनेंगे और उनकी चिंताओं का समाधान करेंगे। साथ ही, छात्र बातचीत का समय और विषय खुद तय कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि बातचीत जेपी नड्डा के ऑफिस या घर पर, किसी भी सुविधाजनक समय पर हो सकती है और वे खुद भी इस चर्चा में शामिल होंगे।

मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री छात्रों के मुद्दों को लेकर संवेदनशील हैं।

उन्होंने पेपर लीक के लिए जिम्मेदार लोगों पर तेजी से मुकदमा चलाने और जल्द न्याय सुनिश्चित करने के लिए फास्ट-ट्रैक कोर्ट बनाने की घोषणा की। प्रधानमंत्री मोदी की भारत के युवाओं और उनके भविष्य को लेकर चिंता दोहराते हुए उन्होंने कहा कि फास्ट-ट्रैक कोर्ट यह सुनिश्चित करेंगे कि दोषियों को सजा मिले और बिना किसी देरी के न्याय हो।

सीजेपी के नेतृत्व में छात्र नीट पेपर लीक को लेकर जंतर-मंतर पर एक महीने से ज्यादा समय से विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं, जबकि सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की भूख हड़ताल गुरुवार को 26वें दिन में प्रवेश कर गई।

सरकार और छात्रों के बीच बातचीत हुई है, लेकिन दोनों पक्ष किसी आम सहमति पर नहीं पहुंच पाए।

## सीजेपी ने कोलकाता पुलिस को ईमेल भेजकर शहर में रैली निकालने के लिए मांगी इजाजत



कोलकाता। नीट परीक्षा पेपर लीक और अन्य मुद्दों को लेकर अपने आंदोलन को नई दिल्ली से बाहर ले जाने की कोशिश में कॉकरोच जनता पार्टी ने कोलकाता पुलिस से शहर में एक रैली निकालने की अनुमति मांगी है।

यह रैली सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के जारी अनशन के समर्थन में प्रस्तावित है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, 19 जुलाई को कोलकाता पुलिस के संयुक्त पुलिस आयुक्त (मुख्यालय) और संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) को ईमेल भेजकर 22 जुलाई को शाम 4 बजे से उत्तर कोलकाता के कॉलेज स्ट्रीट से मध्य कोलकाता के रानी रश्मोनी रोड तक रैली निकालने की अनुमति मांगी गई थी। यह ईमेल कथित तौर पर देदीप्यो गांगोपाध्याय ने भेजा था। बाद में पुलिस अधिकारियों ने 22 जुलाई को प्रस्तावित इस रैली की अनुमति देने से इनकार कर दिया। सूत्रों के मुताबिक, इसके बाद पुलिस को उसी ईमेल पते पर एक और ईमेल मिला, जिसमें 24 जुलाई को उसी मार्ग पर रैली निकालने की अनुमति मांगी गई। यह ईमेल भी देदीप्यो गांगोपाध्याय की ओर से भेजा गया था। दूसरे ईमेल के बाद कोलकाता पुलिस ने गांगोपाध्याय के बारे में जांच शुरू की, जिन्होंने खुद को सीजेपी का सक्रिय सदस्य बताया है।

## संपादकीय

# प्रदूषणकारी वाहनों, सी एण्ड डी वेस्ट तथा औद्योगिक प्रदूषण की रोकथाम के लिए उठाए प्रभावी कदम : वी. श्रीनिवास

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। केंद्र सरकार के मंत्रिमंडल सचिवालय द्वारा दिल्ली एवं राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए गठित समिति की समीक्षा बैठक गुरुवार को कैबिनेट सचिव डॉ. टी.वी. सोमनाथन की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित हुई। बैठक में राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश एवं पंजाब के मुख्य सचिव अपने-अपने राज्यों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। राजस्थान की ओर से मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने राजस्थान सचिवालय स्थित एनआईसी कक्ष से बैठक में भाग लिया। बैठक में केन्द्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों, कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट (सीएक्यूएम), केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी), नीति आयोग, एनसीआर प्लानिंग बोर्ड तथा अन्य संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। डॉ. सोमनाथन ने राज्यों को वायु प्रदूषण नियंत्रण से जुड़े कार्यों को तय समय सीमा में पूरा करने तथा सभी संबंधित विभागों के बीच प्रभावी समन्वय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सड़क धूल नियंत्रण, पुराने एवं प्रदूषणकारी वाहनों के चरणबद्ध प्रतिस्थापन, इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने, निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट (सी एंड डी वेस्ट) के वैज्ञानिक प्रबंधन, निर्माण स्थलों की प्रभावी निगरानी, औद्योगिक प्रदूषण नियंत्रण, वायु गुणवत्ता की नियमित निगरानी, पराली एवं बायोमास जलाने पर रोक तथा पौधारोपण जैसे उपायों को प्राथमिकता के साथ लागू करने पर जोर दिया। बैठक में राज्यों द्वारा प्रस्तुत कार्ययोजना तथा अब तक हुई प्रगति की समीक्षा करते हुए कैबिनेट सचिव ने विभिन्न उपायों के समयबद्ध क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया।



मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने राजस्थान की ओर से राज्य में वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार 'परिवर्तन' कार्यक्रम के तहत एनसीआर क्षेत्र में 5,268 पुराने एवं प्रदूषणकारी वाहनों के चरणबद्ध प्रतिस्थापन की दिशा में कार्य कर रही है। इसके साथ ही इलेक्ट्रिक बसों के संचालन का लगातार विस्तार किया जा रहा है, जिससे स्वच्छ एवं टिकाऊ सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सड़क धूल नियंत्रण के लिए यांत्रिक सड़क सफाई (मैकेनाइज्ड स्वीपिंग) सहित अन्य प्रभावी उपायों को प्राथमिकता के साथ लागू किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि राज्य में निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट (सी एंड डी वेस्ट) के वैज्ञानिक प्रबंधन, निर्माण स्थलों की प्रभावी निगरानी, वायु गुणवत्ता की नियमित निगरानी, औद्योगिक प्रदूषण नियंत्रण तथा पराली एवं बायोमास जलाने की रोकथाम के लिए भी प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में संचालित 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत प्रदेशभर में व्यापक स्तर पर पौधारोपण किया जा रहा है। साथ ही राज्य सरकार कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट (सीएक्यूएम) तथा केंद्र सरकार के साथ नियमित समन्वय बनाए रखते हुए निर्धारित कार्ययोजना के अनुरूप आवश्यक कदम उठा रही है। मुख्य सचिव ने कहा कि राजस्थान दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में वायु गुणवत्ता सुधार के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग आनन्द कुमार, प्रमुख शासन सचिव, परिवहन विभाग भवानी सिंह देथा, शासन सचिव स्वायत्त शासन विभाग रवि जैन, शासन सचिव, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग विजय एन , सदस्य सचिव, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल कपिल चंद्रवाल तथा अन्य संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। बैठक में वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिए विभिन्न विभागों के बीच समन्वित कार्यप्रणाली अपनाने पर विशेष बल दिया गया। साथ ही प्रदूषण नियंत्रण उपायों के प्रभाव का नियमित मूल्यांकन भी किया जाएगा।

## भीलवाड़ा में ACB का बड़ा एक्शन: राजकीय महाविद्यालय का संस्थापन अधिकारी ₹40 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार



**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

भीलवाड़ा। ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो भीलवाडा-द्वितीय इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये आरोपी शिव नुवाल संस्थापन अधिकारी, माणिक्यलाल वर्मा राजकीय महाविधालय भीलवाडा को परिवादी से 40,000 रूपये रिश्वत राशि ग्रहण करने पर गिरफ्तार किया गया। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की अतिरिक्त महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव ने बताया कि ए.सी.बी. भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो भीलवाडा द्वितीय को एक शिकायत इस आशय की मिली कि परिवादी की फर्म द्वारा माणिक्यलाल वर्मा राजकीय महाविधालय भीलवाडा मे आपूर्ति किये गये सिक्योरिटी गार्ड एवं कम्प्युटर ऑपरेटर एवं सफाई कर्मचारी की निविदा महाविधालय द्वारा स्वीकृत की गई। उक्त फर्म के द्वारा उक्त मानव संसाधन महाविधालय में उपलब्ध करवाये गये। आरोपी शिव नुवाल, संस्थापन अधिकारी द्वारा रविवार को महाविधालय पहुँचने पर चौकीदार अपने कार्यस्थल महाविधालय पर उपस्थित नही होने पर प्राचार्य द्वारा संबधित फर्म को फर्म का ठेका निरस्त करने हेतु पत्र जारी किया गया था।

## 3 हजार रुपये की रिश्वत लेते ग्राम विकास अधिकारी गिरफ्तार, ACB की बड़ी कार्रवाई



**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

डूंगरपुर। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (ACB) मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी चौकी डूंगरपुर इकाई ने गुरुवार को कार्रवाई करते हुए ग्राम पंचायत फलातेड (तहसील सागवाड़ा, जिला डूंगरपुर) के ग्राम विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार डामोर को 3,000 रुपये की रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की अतिरिक्त महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव ने बताया कि एसीबी डूंगरपुर को परिवादी जगदीश डामोर ने लिखित शिकायत दी थी।

## मुख्य सचिव ने आकांक्षी ब्लॉक एवं जिला कार्यक्रमों की समीक्षा की, राज्य की रैंकिंग सुधारने के दिए निर्देश

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने गुरुवार को शासन सचिवालय में गुरु गोलवलकर एस्पिरेशनल ब्लॉक डेवलपमेंट योजना के अंतर्गत संचालित एस्पिरेशनल ब्लॉक प्रोग्राम (एबीपी) एवं एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम (एडीपी) की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिला कलेक्टरों से कार्यक्रमों के अंतर्गत निर्धारित विभिन्न इंडिकेटर्स पर जिलेवार प्रगति की जानकारी प्राप्त की। मुख्य सचिव ने कहा कि आकांक्षी ब्लॉक एवं आकांक्षी जिला कार्यक्रमों का उद्देश्य विकास के प्रमुख सामाजिक एवं आर्थिक सूचकांकों में उल्लेखनीय सुधार लाना है।



उन्होंने जिला कलेक्टरों को निर्देश दिए कि निर्धारित इंडिकेटर्स पर नियमित मॉनिटरिंग करते हुए कमजोर प्रदर्शन वाले क्षेत्रों में विशेष प्रयास किए जाएं, ताकि राज्य की समग्र रैंकिंग में सुधार हो सके।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, कृषि, आधारभूत सुविधाओं एवं वित्तीय समावेशन सहित सभी प्रमुख क्षेत्रों में निर्धारित लक्ष्यों की समयबद्ध प्राप्ति सुनिश्चित की जाए। बैठक में मुख्य सचिव ने कहा कि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही इन कार्यक्रमों का मूल उद्देश्य है।

उन्होंने सभी जिला कलेक्टरों को नियमित समीक्षा कर प्रगति में निरंतर सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य सचिव ने अधिकारियों से कहा कि आकांक्षी ब्लॉक एवं आकांक्षी जिला कार्यक्रमों के तहत केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित सभी प्रदर्शन सूचकांकों पर विशेष ध्यान दिया जाए।

## शक्ति संगम नारी कौशल केंद्र एवं आरआरआर केंद्र का शुभारंभ

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने तथा अपशिष्ट प्रबंधन को बढ़ावा देने की दिशा में गुरुवार को जयपुर जिले के फागी ब्लॉक में शक्ति संगम नारी कौशल केंद्र एवं आरआरआर (रिड्यूस, रियूज, रिसायकल) केंद्र का शुभारंभ किया गया। यह केंद्र जिला परिषद जयपुर, फिनोवा कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड के 10 लाख रूपए के सीएसआर सहयोग तथा शक्ति संगम संस्था की सहभागिता से स्थापित किया गया है। यह केंद्र ग्रामीण महिलाओं के कौशल विकास, आजीविका संवर्धन तथा हरित अर्थव्यवस्था को नई दिशा देगा। मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रतिभा वर्मा ने कहा कि यह केंद्र सरकारी प्रयासों और कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रभावी समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण है। फिनोवा कैपिटल के प्रबंध निदेशक मोहित साहनी ने कहा कि महिलाओं का उत्साह इस बात का प्रमाण है कि यह केंद्र भविष्य में महिला उद्यमिता और आत्मनिर्भरता का मजबूत आधार बनेगा।

## शहरी सेवा शिविरों से आमजन को मिल रही त्वरित राहत, एक ही छत के नीचे 175 पट्टों का हुआ वितरण



**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

टोंक। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा के अनुसार प्रदेशभर के शहरी क्षेत्रों में आयोजित 'शहरी सेवा शिविर-2026' के फॉलोअप कैंप आमजन के लिए वरदान साबित हो रहे हैं। टोंक नगर परिषद क्षेत्र में आयोजित फॉलोअप शिविरों में नागरिकों के वर्षों से लंबित कार्यों का एक ही छत के नीचे त्वरित, पारदर्शी और समयबद्ध निस्तारण किया जा रहा है। 175 पात्र लाभार्थियों को सौंपे गए पट्टे शिविर के दौरान विभिन्न श्रेणियों के कुल 175 पट्टों का वितरण लाभार्थियों को किया गया-स्टेट ग्रांट योजनाः 65 पट्टे, कृषि भूमि पट्टेः 65 पट्टे, अन्य श्रेणियांः 45 पट्टे।

पट्टा प्राप्त करने वाले नागरिकों ने राज्य सरकार और प्रशासन की इस अनूठी पहल की सराहना करते हुए कहा कि जो काम वर्षों से अटके हुए थे, वे अब बेहद सरल प्रक्रिया से पूरे हो रहे हैं।

शिविर में नगर परिषद के साथ-साथ राजस्व, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, जलदाय (PHED), विद्युत, चिकित्सा, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने मौके पर ही शिकायतों और आवेदनों की सुनवाई कर त्वरित समाधान किया, जिससे आमजन को अलग-अलग दफ्तरों के चक्कर लगाने से मुक्ति मिली।

नगर परिषद आयुक्त धर्मपाल चौधरी ने कहा कि शहरी सेवा शिविरों का मुख्य उद्देश्य सरकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पारदर्शी और सुलभ तरीके से पहुंचाना है।

उन्होंने शेष रहे नागरिकों से इन फॉलोअप शिविरों में पहुंचकर अपनी समस्याओं का निस्तारण कराने का आह्वान किया। साथ ही विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक प्रकरण का संवेदनशीलता के साथ निस्तारण हो ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित न रहे। नगर परिषद आयुक्त ने बताया कि फॉलोअप शिविरों के माध्यम से विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया गया है, जिससे नागरिकों को एक ही स्थान पर अनेक सेवाओं का लाभ मिल रहा है। अब एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों के अधिकारी उपलब्ध होने से उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान हो रहा है।

## राजस्थान पुलिस उप निरीक्षक भर्ती-2025 : शारीरिक दक्षता परीक्षा 3 अगस्त से

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर द्वारा आयोजित उप निरीक्षक/ प्लाटून कमाण्डर सीधी भर्ती परीक्षा-2025 के लिखित परीक्षा परिणाम के बाद अब भर्ती प्रक्रिया का अगला चरण शुरू होने जा रहा है। लिखित परीक्षा में सफल 20,798 अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा (PET) 3 अगस्त से 12 अगस्त 2026 तक प्रदेश के विभिन्न रेंज मुख्यालयों पर आयोजित की जाएगी। उप महानिरीक्षक पुलिस भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड मनोज कुमार ने बताया कि आरपीएससी द्वारा लिखित परीक्षा 5 एवं 6 अप्रैल 2026 को आयोजित की गई थी, जिसका परिणाम 19 जून 2026 को घोषित किया गया। अब पुलिस मुख्यालय स्तर पर गठित बोर्ड द्वारा लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा कराई जाएगी। अभ्यर्थियों को व्यक्तिगत रूप से कोई सूचना नहीं भेजी जाएगी।

## मुख्यमंत्री सद्भावना केंद्र पर कलेक्शन ड्राइव आयोजित, अधिकारियों-कर्मचारियों ने जरूरतमंदों के लिए किया वस्तुओं का दान



**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। नगर निगम जयपुर द्वारा मुख्यालय स्थित मुख्यमंत्री सद्भावना केंद्र पर गुरुवार को कलेक्शन ड्राइव का सफल आयोजन किया गया। अभियान का उद्देश्य अच्छी स्थिति में उपलब्ध उपयोगी वस्तुओं को एकत्रित कर जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाना और उनके जीवन में खुशियां लाना रहा।

अभियान के दौरान नगर निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए कपड़े, पुस्तकें, खिलौने तथा अन्य उपयोगी सामग्री दान स्वरूप प्रदान की।

सभी प्रतिभागियों ने सामाजिक सरोकारों से जुड़ते हुए जरूरतमंद परिवारों की सहायता के लिए सक्रिय सहयोग दिया।

इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि समाज के प्रत्येक सक्षम व्यक्ति का छोटा-सा योगदान भी किसी जरूरतमंद के जीवन में बड़ा सकारात्मक बदलाव ला सकता है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सद्भावना केंद्र के माध्यम से एकत्रित सामग्री जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचाई जाएगी, जिससे सेवा, सहयोग और सामाजिक सद्भाव की भावना को और मजबूती मिलेगी।

नगर निगम जयपुर ने आम नागरिकों से भी अपील की कि वे ऐसे सामाजिक अभियानों में बढ़-चढ़कर भाग लें और उपयोग योग्य वस्तुओं का दान कर जरूरतमंद लोगों के जीवन में खुशियां बांटने में अपना योगदान दें। अभियान के दौरान अधिकारियों ने बताया कि कलेक्शन ड्राइव का उद्देश्य केवल उपयोगी वस्तुओं का संग्रह करना नहीं, बल्कि समाज में सेवा, संवेदनशीलता और साझी जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देना भी है।

## विद्याधर नगर जोन में फॉलो-अप शहरी सेवा शिविर, मौके पर हुआ 31 से अधिक प्रकरणों का निस्तारण

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। नगर निगम जयपुर की ओर से गुरुवार को विद्याधर नगर जोन कार्यालय, अंबाबाड़ी सर्किल में फॉलो-अप शहरी सेवा शिविर 2026 का आयोजन किया गया। शिविर में नगरीय निकायों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया। निगम प्रशासन के अनुसार शुक्रवार को मालवीय नगर जोन कार्यालय, गैराज परिसर, लालकोठी में अगला शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर के दौरान जन्म, मृत्यु एवं विवाह प्रमाणपत्रों से संबंधित 28 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। इसके अलावा फ्रीहोल्ड के दो तथा नामांतरण का एक प्रकरण भी मौके पर ही निपटाया गया। झोटवाड़ा निवासी जगदीश सिंह ने अपने मकान के पट्टे के लिए आवेदन किया। आवश्यक दस्तावेज जमा करने के कुछ ही समय बाद नगर निगम ने शिविर में उनका पट्टा तैयार कर सौंप दिया। उन्होंने त्वरित कार्रवाई के लिए नगर निगम प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

इसी प्रकार विद्याधर नगर निवासी सुरेश जांगिड़ ने भी मकान के पट्टे के लिए आवेदन किया। उनका आवेदन शीघ्र निस्तारित करते हुए शिविर में ही पट्टा जारी किया गया। उन्होंने कम समय में कार्य पूरा होने पर नगर निगम और राज्य सरकार का धन्यवाद दिया।



## स्कूल हेल्थ मिशन के तहत जोगासर कुआँ विद्यालय में स्वास्थ्य जांच शिविर, 170 से अधिक विद्यार्थी हुए लाभान्वित

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

बाड़मेर। बाड़मेर जन सेवा समिति द्वारा वेदांता ऑयल एंड गैस के सहयोग से संचालित स्वच्छ बाड़मेर–स्वस्थ बाड़मेर परियोजना के अंतर्गत स्कूल हेल्थ मिशन के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, जोगासर कुआँ में स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर के माध्यम से 170 से अधिक विद्यार्थियों को स्वास्थ्य, स्वच्छता, निवारक स्वास्थ्य सेवाओं तथा स्वस्थ जीवनशैली के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की समय पर पहचान और समय पर उपचार को बढ़ावा देना है।



शिविर में जिला चिकित्सालय, बाड़मेर एवं नेत्र ज्योति हॉस्पिटल का भी सहयोग रहा। शिविर में डॉ. कपिल जैन (ईएनटी विशेषज्ञ), डॉ. कृति चौहान (स्पीच थेरेपिस्ट) तथा विक्रम सिंह (ऑप्टोमेट्रिस्ट, बाड़मेर जन सेवा समिति) ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। शिविर में 110 से अधिक ओपीडी परामर्श दिए गए तथा ईएनटी एवं नेत्र संबंधी समस्याओं से ग्रसित विद्यार्थियों को आवश्यक दवाइयों का मौके पर ही वितरण किया गया। कार्यक्रम विद्यालय के प्रधानाचार्य देव कुमार एवं उप-प्रधानाचार्य यशपाल भी उपस्थिति रहे। शिविर के सफल संचालन में जालम सिंह राजपुरोहित ने शिविर संयोजक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वेदांता ऑयल एंड गैस की ओर से मोहम्मद सलमान भट्ट, असिस्टेंट मैनेजर – सीएसआर (हेल्थकेयर), ने विद्यालय प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों से नियमित स्वास्थ्य जांच कराने तथा अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर डॉ. विशाल अग्रवाल, हेड – सीएसआर, एवं प्रिया शर्मा, एसोसिएट मैनेजर – सीएसआर, भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वेदांता ऑयल एंड गैस की सुरक्षा टीम ने भी सहभागिता की। छोटू खान, भंवरा राम एवं गिरधर जी ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए अनुशासन, जिम्मेदारी और सकारात्मक मूल्यों के महत्व पर प्रकाश डाला।

राजस्थान/ प्रादेशिक

# जंगल को फिर से हरा-भरा बनाने निकले युवा, होलावास-बिलाठ में 7 हजार सीड्स बॉल बिखेरे



**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

बानसूर। पर्यावरण संरक्षण और जंगलों में प्राकृतिक हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से युवा जागृति संस्थान, बानसूर की ओर से होलावास और बिलाठ के जंगल क्षेत्र में विशेष सीड्स बॉल अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान विभिन्न देशी प्रजातियों के बीजों से तैयार करीब 7 हजार सीड्स बॉल जंगल क्षेत्र में बिखेरे गए, ताकि मानसून के दौरान उनका अंकुरण होकर अधिक से अधिक पौधे विकसित हो सकें और जंगलों की हरियाली फिर से लौट सके। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित वक्ता प्रशासक सतपाल जाट ने कहा कि बढ़ते पर्यावरणीय संकट और घटते वन क्षेत्र को देखते हुए ऐसे जनसहभागिता आधारित अभियान समय की आवश्यकता हैं। उन्होंने आमजन से पौधारोपण के साथ-साथ प्राकृतिक वनों के संरक्षण और देशी प्रजातियों के पौधों को बढ़ावा देने का आह्वान किया।

इस अवसर पर युवा जागृति संस्थान बानसूर के ज्ञानचंद सैनी एवं विपिन शर्मा सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। सभी ने वर्षा ऋतु में अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया। संस्थान पदाधिकारियों ने बताया कि आने वाले समय में भी क्षेत्र के विभिन्न जंगलों एवं सार्वजनिक स्थलों पर सीड्स बॉल और पौधारोपण अभियान निरंतर चलाए जाएंगे, ताकि पर्यावरण संरक्षण की इस मुहिम को जन-जन तक पहुंचाया जा सके।

अभियान के दौरान स्वयंसेवकों ने स्थानीय लोगों को सीड्स बॉल की उपयोगिता और उनके माध्यम से प्राकृतिक वनों के पुनर्जीवन की प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि सीड्स बॉल तकनीक के जरिए बीजों को मिट्टी, गोबर और जैविक पदार्थों की परत में सुरक्षित रखा जाता है, जिससे वर्षा होने पर उनके अंकुरित होने की संभावना बढ़ जाती है।

यह तरीका विशेष रूप से उन क्षेत्रों में प्रभावी माना जाता है, जहां बड़े पैमाने पर पारंपरिक पौधारोपण करना कठिन होता है। वक्ताओं ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं है, बल्कि इसमें समाज के प्रत्येक व्यक्ति की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है।

यदि प्रत्येक नागरिक वर्षा ऋतु में पौधारोपण के साथ लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल का संकल्प ले, तो हरित क्षेत्र में उल्लेखनीय वृद्धि की जा सकती है।

## अजमेर बंद : आनासागर झील की बदहाली के विरोध में सड़कों पर उतरी कांग्रेस



**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

अजमेर। आनासागर झील की लगातार बिगड़ती स्थिति, भारी गंदगी और बड़ी संख्या में मछलियों की मौत के मुद्दे को लेकर गुरुवार को अजमेर शहर पूरी तरह बंद रहा। शहर कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर आयोजित इस अजमेर बंद के दौरान शहर के अधिकांश बाजार, निजी स्कूल, कॉलेज, दुकानें और होटल पूरी तरह बंद नजर आए। हालांकि, दरगाह क्षेत्र में केवल फूलों की दुकानें खुली रहीं। बंद को प्रभावी बनाने के लिए शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. राजकुमार जयपाल के नेतृत्व में अजमेर को अलग-अलग जोन में बांटकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की टीमें तैनात की गई थीं: बैंक और पेट्रोल पंप कराए बंदः कचहरी रोड पर पहुंचे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बैंकों को बंद कराया। वहीं, पास के पेट्रोल पंप पर नारेबाजी करते हुए हंगामा किया और बंद में सहयोग की अपील की।

ई-रिक्शा से उतारीं सवारियांः रेलवे स्टेशन के बाहर यात्रियों को ले जा रहे टेम्पो और ई-रिक्शा को जबरन रोककर उनसे सवारियों को नीचे उतार दिया गया।

## भव्य शाही वरघोड़े के साथ कल होगा आचार्य चिदानंद सुरीश्वरजी का चातुर्मास प्रवेश



जोधपुर। परम पूज्य तत्वचिंतक एवं गोड़वाड़ केसरी आचार्य चिदानंद सुरीश्वरजी आदि ठाणा-3 तथा साध्वी पूर्ण प्रज्ञाश्री आदि ठाणा-3 का पावन चातुर्मास प्रवेश 24 जुलाई शुक्रवार को गुलाब नगर में भव्य धार्मिक आयोजन के साथ होगा। मारवाड़ जैन श्री संघ एवं चातुर्मास व्यवस्था समिति-2026 की ओर से आयोजित इस प्रवेश महोत्सव को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। समिति अध्यक्ष गौतम सालेचा ने बताया कि प्रवेश शोभायात्रा में सुसज्जित हाथी एवं घोड़े आकर्षण का केंद्र होंगे। शोभायात्रा में 32 कलाकारों की बैंड टीम तथा 18 कलाकारों का नासिक ढोल दल धार्मिक धुनों से वातावरण को भक्तिमय बनाएगा। मुख्य लाभार्थियों के लिए विंटेज कार तथा अन्य लाभार्थियों के लिए सुसज्जित घोड़ा-बग्गियों की व्यवस्था की गई है।

## फुलियाकलां पुलिस की बड़ी कार्रवाई अवैध बजरी परिवहन करते डंपर चालक गिरफ्तार

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

भीलवाड़ा। जिला पुलिस अधीक्षक सागर राणा (आईपीएस) के निर्देश पर अवैध खनन एवं परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत फुलियाकलां थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध बजरी परिवहन कर रहे एक डंपर को जब्त कर चालक को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजुम कायम के निर्देशन एवं वृत्ताधिकारी ओमप्रकाश विश्नोई के सुपरविजन में थाना प्रभारी दिनेश कुमार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा की गई। पुलिस के अनुसार, 22 जुलाई को एसआई कैलाशचंद्र पुलिस जाप्ते के साथ अवैध बजरी खनन एवं परिवहन की रोकथाम के लिए गश्त पर थे। इस दौरान बासेड़ा से पहले पुलिया के पास बिना नंबर का टाटा कंपनी का डंपर रोककर जांच की गई। चालक ने अपना नाम हनुमान गुर्जर (26) निवासी भीमडावास, थाना केकड़ी सदर, जिला अजमेर बताया। चालक से बजरी परिवहन का रवन्ना (टीपी) मांगा गया, लेकिन वह कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका।

## अंगदान जन-जागरूकता अभियान को मिल रहा व्यापक जनसमर्थन : गायत्री राठौड़

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। प्रमुख शासन सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य गायत्री राठौड़ ने गुरुवार को बताया कि प्रदेश में संचालित अंगदान जन-जागरूकता अभियान को व्यापक जनसमर्थन मिल रहा है। आमजन की बढ़ती भागीदारी के परिणामस्वरूप राजस्थान ने अंगदान संकल्प अभियान में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए देश में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। 22 जुलाई 2026 तक प्रदेश में 1,08,904 नागरिकों ने अंगदान का संकल्प लिया है। अभियान 3 अगस्त,2026 तक चलेगा । उन्होंने बताया कि अभियान के अंतर्गत राजस्थान अब देश में प्रथम स्थान प्राप्त करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। वर्तमान में प्रथम स्थान पर महाराष्ट्र है, जबकि दोनों राज्यों के बीच मात्र 8,136 संकल्पों का अंतर रह गया है। राठौड़ ने बताया कि जिला स्तर पर झुंझुनूं सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 13,619 अंगदान संकल्पों के साथ पहले स्थान पर है। उन्होंने बताया कि जुलाई माह के विशेष अभियान में भी कई जिलों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

## जोधपुर पुलिस की बड़ी सफलता : गुम व चोरी हुए 58 मोबाइल बरामद कर मालिकों को लौटाए, चेहरे पर लौटी मुस्कान

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**



जोधपुर। जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट की वेस्ट जिला पुलिस (DCP West) ने आमजन को बड़ी राहत देते हुए गुम और चोरी हुए 58 कीमती मोबाइल फोन बरामद कर उनके असली मालिकों को सुपुर्द कर दिए हैं।

महीनों पहले खो चुके अपने मोबाइल वापस पाकर लोगों के चेहरे खुशी से खिल उठे और उन्होंने जोधपुर पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई का दिल से आभार जताया। डीसीपी वेस्ट कमल शेखावत ने बताया कि केंद्रीय संचार मंत्रालय के CEIR (Central Equipment Identity Register) पोर्टल पर जिन नागरिकों ने अपने मोबाइल गुम या चोरी होने की शिकायतें दर्ज कराई थीं, उन्हें गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने एक विशेष अभियान चलाया। साइबर सेल और पुलिस टीमों ने तकनीकी सर्विलांस व आईएमईआई (IMEI) नंबरों को ट्रैक करते हुए कड़ी मेहनत के बाद 58 मोबाइल फोन बरामद करने में सफलता हासिल की। इसके बाद आज एक कार्यक्रम के दौरान सभी मोबाइल धारकों को बुलाकर उनके फोन सौंपे गए। डीसीपी वेस्ट कमल शेखावत ने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि यदि किसी भी व्यक्ति का मोबाइल फोन गुम या चोरी हो जाता है, तो बिना देर किए तुरंत CEIR पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज कराएं और आईएमईआई नंबर ब्लॉक कराएं। इससे न केवल मोबाइल का दुरुपयोग रुकता है, बल्कि पुलिस के लिए ट्रेसिंग की प्रक्रिया भी काफी आसान हो जाती है। उन्होंने कहा कि समय पर शिकायत दर्ज होने से मोबाइल की लोकेशन ट्रैक करने और उसे बरामद करने की संभावना काफी बढ़ जाती है।

## सामाजिक न्याय मंत्री अविनाश गहलोत का दौरा, विभागीय समीक्षा बैठक में दिए सख्त निर्देश , निकाय चुनाव पर किया बड़ा दावा



**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

जोधपुर। राजस्थान के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत गुरुवार को जोधपुर दौरे पर रहे। सर्किट हाउस पहुंचने पर नवपदस्थापित संयुक्त निदेशक बजरंग सारस्वत के नेतृत्व में विभागीय अधिकारियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके बाद मंत्री गहलोत ने विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर सामाजिक न्याय विभाग की योजनाओं, छात्रावासों के संचालन और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की प्रगति का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। मीडिया से बातचीत के दौरान मंत्री ने निकाय चुनाव, ओबीसी (OBC) आरक्षण, विभागीय बजट और कांग्रेस की नीतियों पर खुलकर अपनी बात रखी।

गणवत्तापूर्ण भोजन और मॉनिटरिंगः विभागीय छात्रावासों में रह रहे विद्यार्थियों को पौष्टिक एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने, छात्रावासों का नियमित निरीक्षण करने तथा व्यवस्थाओं की प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

महापुरुषों व शीर्ष नेताओं के चित्रः विभाग से जुड़े सभी कार्यालयों, छात्रावासों और शासकीय भवनों में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के चित्र (फोटोग्राफ) लगाने के निर्देश दिए।

योग और राष्ट्रभक्ति पर जोरः विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति का भाव जगाने के लिए नियमित रूप से योग, राष्ट्रगान एवं देशभक्ति से जुड़े कार्यक्रम आयोजित करने और महापुरुषों के जीवन दर्शन व विचारों से उन्हें प्रेरित करने को कहा। इसके साथ ही उन्होंने विभाग से जुड़ी एनजीओ (NGOs) की पारदर्शी मॉनिटरिंग के भी निर्देश दिए।

## नशे के सौदागरों पर शिकंजा, राजीव गांधी नगर पुलिस और DST वेस्ट की बड़ी कार्रवाई

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

जोधपुर। नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जोधपुर पुलिस को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। राजीव गांधी नगर थाना पुलिस और जिला विशेष टीम (DST) वेस्ट ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए जसनाथ नगर क्षेत्र से एक प्रमुख मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से भारी मात्रा में अवैध डोडा पोस्त बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, राजीव गांधी नगर थाना क्षेत्र के जसनाथ नगर में दबिश देकर आरोपी संतोक सिंह को धर दबोचा गया।

तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 46 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ (डोडा पोस्त) बरामद हुआ। पुलिस ने डोडा पोस्त को जब्त कर आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट (NDPS Act) के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

## जयपुर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक ने किया राजस्थान संपर्क 181 कॉल सेंटर का निरीक्षण



**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार आमजन की शिकायतों के त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी निस्तारण के उद्देश्य से विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा राजस्थान संपर्क 181 कॉल सेंटर का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को जयपुर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक नारायण सिंह ने सचिवालय स्थित राजस्थान संपर्क 181 कॉल सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने राजस्थान संपर्क पोर्टल की कार्यप्रणाली का अवलोकन किया तथा विभाग से संबंधित प्राप्त परिवादों एवं उनके निस्तारण की विस्तृत समीक्षा की। प्रबंध निदेशक सिंह ने कहा कि प्रदेश में सुशासन की अवधारणा को साकार करने के लिए आमजन की शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विभाग से संबंधित परिवादों की जानकारी प्राप्त कर संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के शीघ्र एवं प्रभावी समाधान के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने राजस्थान संपर्क 181 कॉल सेंटर के माध्यम से विभिन्न परिवादियों से दूरभाष पर सीधे संवाद कर उनकी शिकायतों की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने हिमांशु, रामकिशन, उदित, अमित गुप्ता एवं पुष्पेंद्र से संवाद कर सिटी बसों के संचालन, रूट संबंधी समस्याओं तथा बस स्टाफ के अनुचित व्यवहार की शिकायतों के निस्तारण के लिए संम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

इस अवसर पर राजस्थान संपर्क पोर्टल तथा संबंधित विभाग के अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान प्रबंध निदेशक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परिवहन सेवाओं से संबंधित प्रत्येक शिकायत का गंभीरता से परीक्षण कर निर्धारित समय सीमा में उसका समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में केवल औपचारिक कार्रवाई पर्याप्त नहीं है, बल्कि यह भी सुनिश्चित किया जाए कि शिकायतकर्ता समाधान से संतुष्ट हो और भविष्य में ऐसी समस्याओं की पुनरावृत्ति न हो।

## पश्चिम रेलवे पर जलभराव से जोधपुर मंडल की सूर्यनगरी-रणकपुर सहित 6 ट्रेनें प्रभावित

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**



जोधपुर। पश्चिम रेलवे के घोलवड़-उमरगाम रोड रेलखंड पर भारी जलभराव के कारण उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल से जुड़ी सूर्यनगरी सुपरफास्ट,रणकपुर एक्सप्रेस और बेंगलुरु एक्सप्रेस सहित छह प्रमुख रेल सेवाओं का संचालन प्रभावित हुआ है। यात्री सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कुछ ट्रेनों को आंशिक रूप से रद्द किया गया है, जबकि कुछ का संचालन परिवर्तित मार्ग से किया जा रहा है। जोधपुर मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि पश्चिम रेलवे के घोलवड़ एवं उमरगाम रोड स्टेशनों के मध्य ब्रिज संख्या-203 पर जलस्तर खतरे के निशान तक पहुंचने के कारण इस रेलखंड पर ट्रेनों का संचालन प्रभावित हुआ है। इसके चलते प्रभावित ट्रेनों को आंशिक रद्द अथवा बदले मार्ग से चलाने का निर्णय लिया गया है।

उन्होंने बताया कि ट्रेन संख्या 14707 हनुमानगढ़-दादर रणकपुर एक्सप्रेस,जो 22 जुलाई को हनुमानगढ़ से रवाना हुई उसे नवसारी तक ही संचालित किया गया,इस कारण यह ट्रेन नवसारी-दादर के बीच आंशिक रूप से रद्द रहेगी।

इस वजह से ट्रेन संख्या 14708, दादर-हनुमानगढ़ रणकपुर एक्सप्रेस 23 जुलाई को दादर के स्थान पर नवसारी से रवाना होगी। इसलिए यह रेलसेवा दादर-नवसारी के बीच आंशिक रूप से रद्द रहेगी। इधर ट्रेन संख्या 12479,जोधपुर-बांद्रा टर्मिनस सूर्यनगरी सुपरफास्ट एक्सप्रेस,जो 22 जुलाई को जोधपुर से रवाना हुई थी,अब नडियाद तक ही संचालित की गई इसके चलते नडियाद-बांद्रा टर्मिनस के बीच यह रेलसेवा आंशिक रूप से रद्द रहेगी। इस कारण वापसी में ट्रेन संख्या 12480 बांद्रा टर्मिनस-जोधपुर सूर्यनगरी सुपरफास्ट एक्सप्रेस 23 जुलाई को बांद्रा टर्मिनस के स्थान पर नडियाद से ही संचालित होगी। यानी यह रेलसेवा बांद्रा टर्मिनस-नडियाद के बीच आंशिक रूप से रद्द रहेगी।

## करोड़ों की सड़क की 'बखिया' उधेड़ी, पहली ही बारिश में खुली पोल; गड्ढे भरने आया ट्रैक्टर भी गड्ढे में धड़ाम

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

जोधपुर। एम्स रोड से संगरिया फांटा तक हाल ही में करोड़ों रुपये की लागत से बनी नई सड़क पहली ही मानसूनी बारिश में प्रशासनिक दावों और घटिया निर्माण कार्य की पोल खोलती नजर आ रही है। औद्योगिक फैक्ट्रियों से निकलने वाले रासायनिक पानी की निकासी के लिए बड़ी पाइपलाइन बिछाने के नाम पर सड़क को खोदा गया था, लेकिन काम पूरा होने के बाद की गई मरम्मत महज खानापूर्ति बनकर रह गई। पाइपलाइन डालने के बाद जिम्मेदार एजेंसियों ने न तो ढंग से पैचवर्क किया और न ही गड्ढों को ठीक से भरा। सड़क को पुरानी मजबूती देना तो दूर, सतह को समतल तक नहीं किया गया। इसका नतीजा यह हुआ कि मानसून की पहली ही बारिश ने सड़क के घटिया निर्माण की बखिया उधेड़ दी। जगह-जगह सड़क धंस गई और गहरे-गहरे गड्ढे बन गए, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों के लिए हादसों का खतरा बढ़ गया है। मामला तब और भी हास्यास्पद और चिंताजनक हो गया जब स्थिति को सुधारने के लिए नगर निकाय और ठेकेदार का "सिस्टम" मौके पर पहुंचा। जिस व्यवस्था को सड़क के गड्ढे भरने का जिम्मा सौंपा गया था, वही व्यवस्था खुद गड्ढे की भेंट चढ़ गई।



## मनोरंजन समाचार

### 'मुझे खुद पर शक था...', यूलिया वंतूर ने बताया जब सलमान खान ने बढ़ाया उनका हौसला



रोमानिया की मॉडल, सिंगर और एक्ट्रेस यूलिया वंतूर आज भारतीय मनोरंजन जगत में जाना-पहचाना नाम हैं। हालांकि, भारत में उनकी पहचान अक्सर सलमान खान के साथ जुड़ी खबरों से भी होती रही है, लेकिन यूलिया की अपनी एक अलग कहानी है। एक समय ऐसा भी था, जब उन्हें खुद अपनी आवाज और हिंदी में गाने को लेकर भरोसा नहीं था।

उस दौर में सलमान खान ने उनकी क्षमता पर भरोसा जताया और उन्हें आगे बढ़ने के लिए हौसला दिया। यूलिया ने खुद कई इंटरव्यू में बताया है कि सलमान के भरोसे ने उन्हें अपने टैलेंट को पहचानने में मदद की। यूलिया वंतूर का जन्म 24 जुलाई 1980 को रोमानिया में हुआ था। बचपन से ही उनका झुकाव ग्लैमर और मीडिया की दुनिया की तरफ था। उन्होंने महज 15 साल की उम्र में मॉडलिंग शुरू कर दी थी और धीरे-धीरे रोमानिया में अपनी पहचान बनाई। मॉडलिंग के बाद यूलिया ने टीवी की दुनिया में कदम रखा। वह रोमानिया की जानी-मानी टीवी एंकर बनीं और कई लोकप्रिय लाइव शो होस्ट किए। उन्होंने न्यूज एंकर के तौर पर भी काम किया। टीवी में उनके काम के लिए उन्हें कई सम्मान और पुरस्कार भी मिले। यूलिया ने एक इंटरव्यू में अपनी शुरुआत को याद करते हुए बताया था कि जब वह सिर्फ 19 साल की थीं, तब पहली बार न्यूज रूम पहुंची थीं। उन्होंने एंकर की नौकरी के लिए अप्लाई किया था।

### 'बिग बॉस' फेम सोनिया बंसल का श्रेया कालरा को समर्थन, बोलीं- 'हर कहानी के कई पहलू होते हैं'





'बिग बॉस' फेम अभिनेत्री सोनिया बंसल एक बार फिर सुर्खियों में हैं। हालांकि, इस बार वजह उनका कोई नया प्रोजेक्ट नहीं, बल्कि अपनी दोस्त और 'लॉक अप सीजन 2' की कंटेस्टेंट श्रेया कालरा को लेकर दिया गया बयान है। सोशल मीडिया पर श्रेया कालरा और आकांक्षा चौधरी के बीच हुए विवाद को लेकर काफी चर्चा हो रही है। इसी बीच सोनिया ने खुलकर अपनी राय रखी है और श्रेया का समर्थन करते हुए कहा है कि किसी भी इंसान को सिर्फ एक घटना या सोशल मीडिया पर चल रही बातों के आधार पर नहीं आंकना चाहिए। सोनिया बंसल ने श्रेया कालरा के समर्थन में बात करते हुए कहा कि वह उन्हें लंबे समय से जानती हैं और उनके काम करने के तरीके से अच्छी तरह परिचित हैं। श्रेया मेरे लिए सिर्फ कंटेस्टेंट नहीं, बल्कि अच्छी दोस्त भी हैं। आईएएनएस से बात करते हुए सोनिया ने कहा, ''मैं 'लॉक अप सीजन 2' के लिए पूरी तरह श्रेया कालरा का समर्थन कर रही हूं, क्योंकि सबसे पहले वह मेरी दोस्त हैं। उन्होंने पहले मेरा इंटरव्यू लिया था और हर बातचीत में मैंने उन्हें बेहद मेहनती, सम्मान देने वाली और अपने काम को लेकर गंभीर पाया है। जिस आत्मविश्वास के साथ वह खुद को पेश करती हैं और लोगों से जुड़ने के लिए कंटेंट बनाती हैं, वह काबिल-ए-तारीफ है।'' आकांक्षा चौधरी से जुड़े विवाद पर बात करते हुए सोनिया ने कहा, ''इस मामले को लेकर सोशल मीडिया पर कई तरह की बातें सामने आ रही हैं। मैं किसी भी व्यक्ति के बारे में सिर्फ ऑनलाइन चर्चाओं के आधार पर राय नहीं बनाती। हर कहानी के कई पहलू होते हैं और किसी भी मामले को पूरी तरह समझने के लिए सभी पक्षों को जानना जरूरी है। मैं जानती हूं कि श्रेया किस तरह की इंसान हैं, इसलिए मैं उनका समर्थन कर रही हूं।'' उन्होंने आगे कहा, ''हम सभी से गलतियां होती हैं, गलतफहमियां भी होती हैं और कई बार परिस्थितियों को जरूरत से ज्यादा बढ़ा दिया जाता है। सबसे जरूरी बात यह है कि इंसान अपनी गलतियों से क्या सीखता है और आगे कैसे बढ़ता है।'' वह समझदार हैं, निडर हैं और दर्शकों से जुड़ना अच्छी तरह जानती हैं।

### आर. माधवन ने छात्रों के समर्थन में उठाई आवाज, बोले- दोषियों को मिले ऐसी सजा जो मिसाल बने



नीट पेपर लीक मामले को देशभर में आक्रोश देखने को मिल रहा है। जंतर-मंतर से लेकर विभिन्न राज्यों में छात्र केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। छात्रों के साथ न्याय को लेकर कई सेलेब्स सामने उतर आए। अब इस लिस्ट में अभिनेता आर. माधवन का नाम जुड़ गया है। अभिनेता आर. माधवन ने इंस्टाग्राम पर एक नोट शेयर करते हुए लिखा, "शिक्षा देश का भविष्य बदलने की ताकत होती है और हर छात्र एक ऐसी व्यवस्था का हकदार है, जो निष्पक्ष, पारदर्शी और योग्यता पर आधारित हो। भारत के युवाओं की असीम क्षमता में विश्वास रखने वाले व्यक्ति के रूप में, मैं आज उन सभी छात्रों और अभिभावकों की चिंता और निराशा को समझता हूं।

# CJP के प्रदर्शन पर इब्राहिम अली खान ने जताई चिंता, छात्रों के समर्थन में बोले- 'शिक्षा के लिए डर का माहौल नहीं होना चाहिए'

बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान भले ही अपने फिल्मी करियर की शुरुआत को लेकर चर्चा में रहते हों, लेकिन इस बार वह एक सामाजिक मुद्दे पर प्रतिक्रिया देने की वजह से सुर्खियों में हैं। कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के प्रदर्शन और छात्रों के विरोध को लेकर इब्राहिम ने चिंता जाहिर की है। उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए छात्रों और उनके परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। इब्राहिम अली खान ने सोशल मीडिया अकाउंट पर तिरंगे की तस्वीर साझा करते हुए लिखा, ''छात्रों और उनके परिवारों को इस तरह अशांति के बीच फंसा देखना बेहद दुखद है। सिर्फ पढ़ाई जारी रखने या शांतिपूर्ण और कानूनी तरीके से विरोध-प्रदर्शन करने के लिए किसी को भी डर या अनिश्चितता का सामना नहीं करना चाहिए। हमारी अपनी-अपनी राय हो सकती है, लेकिन मैं उम्मीद करता हूं कि सभी सुरक्षित रहें, सबकी बात शांति से सुनी जाए और बिना किसी और नुकसान के इस स्थिति का समाधान निकले। इस मुश्किल समय से प्रभावित सभी लोगों के लिए मैं हिम्मत की कामना करता



हूं और उम्मीद करता हूं कि आगे का रास्ता सकारात्मक होगा। जय हिंद।'' इब्राहिम अली खान के अलावा फिल्म इंडस्ट्री के कई और कलाकारों ने भी इस मुद्दे पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। ऑस्कर विजेता साउंड डिजाइनर रसूल पुकुट्टी ने जंतर-मंतर पर हो रहे प्रदर्शन को लेकर सोशल मीडिया पर अपनी बात रखी।

उन्होंने कहा कि पहले उन्हें लगता था कि दूसरे देशों में होने वाले ऐसे विरोध प्रदर्शन भारत से जुड़े नहीं हैं, लेकिन अब अपने ही देश में सामने आ रही तस्वीरें भी उतनी ही गंभीर नजर आती हैं। रसूल पुकुट्टी ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, ''जब अमेरिका के मिनेसोटा में आईसीई विरोध प्रदर्शन हुआ था, तब हमें लगा था कि वह हमारी समस्या नहीं है। लेकिन अब अपने ही देश के जंतर-मंतर की ओर देखिए। वहां की तस्वीरें काफी हद तक वैसी ही नजर आ रही हैं। मेरी प्यारे जेनजी, आपने खामोशी को हिम्मत में और हिम्मत को उम्मीद में बदल दिया है। आपका यह विरोध एक धड़कती हुई कविता की तरह है।''

तमिल फिल्म अभिनेत्री दुशारा विजयन ने भी छात्रों के समर्थन में अपनी बात रखी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "सड़कों पर खड़े छात्रों को देखकर उनका मन बेहद व्यथित है। हर पोस्टर के पीछे एक ऐसा छात्र है, जिसने अपने सपनों को पूरा करने के लिए दिन-रात मेहनत की है और ऐसे युवाओं को डर और बल प्रयोग का सामना करते देखना बेहद दुखद है।"

दुशारा ने कहा, ''हमारी राजनीतिक सोच चाहे जो भी हो, लेकिन हमें ऐसा समाज नहीं बनना चाहिए जो अपने छात्रों की आवाज सुनना बंद कर दे। उनकी आवाज कोई खतरा नहीं है, बल्कि यह इस बात का संकेत है कि उम्मीद अभी भी जिंदा है। मैं सभी छात्रों की सुरक्षा और उनके सम्मान की कामना करती हूं। मेरा दिल उनके साथ है।" बॉलीवुड से कई सितारे छात्रों के समर्थन में सामने आए हैं। आलिया भट्ट, सलमान खान, सोनाक्षी सिन्हा समेत कई कलाकारों ने अपनी प्रतिक्रियाएं दी हैं।

# शेफाली जरीवाला के निधन के 13 महीने बाद पराग त्यागी पर फिर टूटा दुखों का पहाड़, अब पेट डॉग सिम्बा की हुई मौत





'कांटा लगा गर्ल' शेफाली जरीवाला का 27 जून, 2025 को 42 साल की उम्र में निधन हो गया था। शेफाली की मौत से उनके पति और एक्टर पराग त्यागी बुरी तरह टूट गए। पराग अक्सर शेफाली की तस्वीरें-वीडियो शेयर करते हुए उनकी यादें फैंस के साथ साझा करते रहते हैं। अब तक पराग, शेफाली की मौत के गम से बाहर नहीं आ पाए थे कि अब उन पर दुखों का एक और पहाड़ टूट पड़ा है। शेफाली और पराग का प्यारा पेट डॉग सिम्बा भी अब इस दुनिया में नहीं रहा। शेफाली के गुजरने के लगभग एक साल बाद, उनके पालतू कुत्ते सिम्बा की भी मौत हो गई, जो अक्सर शेफाली और उनके पति पराग त्यागी के सोशल मीडिया पोस्ट में दिखाई देता था। शेफाली, अपने पेट डॉग को अपने बच्चे की तरह मानती थीं और उनके जाने के बाद पराग सिम्बा का ख्याल रख रहे थे। अब पराग ने एक दिल को छू लेने वाले कैप्शन के साथ सिम्बा के मौत की जानकारी दी है। पराग त्यागी ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है, जिसके जरिए उन्होंने सिम्बा की मौत की जानकारी दी। पराग कई बार बता चुके हैं कि शेफाली, सिम्बा से कितना प्यार करती थीं और अब उन्होंने एक वीडियो शेयर करते हुए सिम्बा को आखिरी विदाई दी है। वीडियो शेयर करते हुए पराग ने कैप्शन में लिखा, 'अब मम्मा (शेफाली) अकेली नहीं हैं, सिम्बा भी मम्मा के पास है और बहुत खुश है। मैं आप दोनों से दूसरी दुनिया में मिलने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं।' इस वीडियो में शेफाली, सिम्बा पर प्यार लुटाती दिख रही थीं। पराग त्यागी का पोस्ट देखने के बाद फैंस ने भी कमेंट के जरिए सिम्बा की मौत पर दुख जाहिर किया और पराग को ढांढस बंधाया। एक ने कमेंट में लिखा, 'इतना दर्द सहने के बाद भी आप जिस तरह पॉजिटिव बने हुए हैं, वह बहुत ही प्रेरणादायक है। आप हर स्थिति में पॉजिटिविटी ढूंढ लेते हैं। भगवान की कृपा आप पर बनी रहे। रेस्ट इन पीस सिम्बा।'

एक ने लिखा- 'बहुत ही दुखद, भगवान सिम्बा की आत्मा को शांति दे।' एक और लिखता है - 'ये बहुत ही दुखद खबर है। आपके लिए प्यार, प्रार्थना और हिम्मत। ईश्वर आप पर अपनी कृपा बनाए रखे।' शेफाली जरीवाला के गुजरने के एक महीने बाद, 27 जुलाई को पराग ने सिम्बा की तरफ से शेफाली के लिए एक नोट लिखा था। 27 जून को शेफाली जरीवाला की पहली बरसी थी और एक्टर ने अपने डॉग सिम्बा के साथ आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों के साथ उनकी पुण्यतिथि मनाई थी। वहीं इससे पहले पराग ने एक वीडियो शेयर करते हुए बताया था कि शेफाली की पहली बरसी से पहले वह 21 दिनों की करेंगे साधना। उन्होंने एक वीडिय शेयर किया था, जिसमें कहा- 'आज हिंदू पंचाग के हिसाब से आज परी को अपना शरीर छोड़े हुए 1 साल हो गया है। इसलिए मैं आज से नई साधना शुरू कर रहा हूं। ये 21 दिनों की है, जो ब्रह्म मुहूर्त में होती है।' पराग त्यागी की इस भावुक पोस्ट ने सोशल मीडिया पर हजारों लोगों को भावुक कर दिया।

फैंस के साथ-साथ टीवी और फिल्म जगत से जुड़े कई कलाकारों ने भी पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए सिम्बा को श्रद्धांजलि अर्पित की और पराग को इस कठिन समय में हिम्मत बनाए रखने की सलाह दी। कई यूजर्स ने लिखा कि पालतू जानवर परिवार का हिस्सा होते हैं और उनका बिछड़ना किसी अपने को खोने जैसा दर्द देता है। शेफाली जरीवाला अपने पालतू कुत्ते सिम्बा से बेहद लगाव रखती थीं।

## बादशाह की पत्नी ईशा ने शेयर किया इमोशनल पोस्ट, कैप्शन ने किया कन्फ्यूज, फैंस लगा रहे तलाक के कयास





रैपर बादशाह और उनकी पत्नी-एक्ट्रेस ईशा रिखी की गुरुद्वारे में शादी हुए चार महीने हो चुके हैं। तब से दोनों ने अपनी जिंदगी को काफी हद तक प्राइवेट रखा है और सोशल मीडिया पर एक-दूसरे के साथ कुछ भी पोस्ट नहीं किया है। मार्च 2026 में ईशा ने एक इंस्टाग्राम स्टोरी के जरिए बताया था कि बादशाह उनक पति हैं। इसके बाद उनकी मां पूनम रिखी ने एक वीडियो शेयर किया, जिसमें बादशाह और ईशा को शादी के मंडप पर देखा जा सकता है। अब सोशल मीडिया पर बादशाह की पत्नी ईशा ने एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसका कैप्शन चर्चा में है और लोग कयास लगा रहे हैं कि क्या शादी के 4 साल बाद बादशाह और ईशा तलाक लेने वाले हैं। ईशा रिखी का हालिया पोस्ट हैरान करने वाला है।

इस वीडियो की शुरुआत बादशाह और ईशा के एक खुशमिजाज क्लिप से होती है, जिसके बाद उनकी शादी की झलक, एक ग्रुप फोटो और आखिर में ईशा के रोने और बादशाह के उन्हें गले लगाने की तस्वीर है। उन्होंने कैप्शन में लिखा है, 'हर तूफान एक सबक है। हर प्रार्थना एक उम्मीद है' साथ ही हाथ जोड़ने और टूटे हुए दिल वाले इमोजी भी लगाए हैं।

इस कैप्शन ने सभी को कन्फ्यूज कर दिया। 2020 में उनका तलाक हो गया और कपल की एक बेटी जेसेमी ग्रेस मसीह सिंह है, जिनका जन्म जनवरी 2017 में हुआ था।

## बड़े पर्दे पर पहली बार खुद को देख इमोशनल हुईं डोनल बिष्ट, बोलीं– अभी बहुत कुछ सीखना बाकी है



टीवी अभिनेत्री डोनल बिष्ट कॉमेडी-थ्रिलर फिल्म 'एमआरपी' से तेलुगु सिनेमा में डेब्यू किया है। तेलुगु सिनेमा में अपना अनुभव शेयर करते हुए अभिनेत्री ने कहा कि खुद को पहली बार बड़े पर्दे पर देखना उनके लिए एक यादगार पल में से एक था। हैदराबाद में एमआरपी के प्री-रिलीज इवेंट के दौरान अभिनेत्री ने खुद को बड़े पर्दे पर देखने के इमोशनल पल को याद करते हुए कहा, "एक अलग माध्यम और भाषा में काम करना मेरे लिए बेहद शानदार था। तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री अपनी शानदार कहानियों और फिल्म निर्माताओं की वजह से दुनियाभर में अलग पहचान रखता है और ऐसी जगह से इतना प्यार मिलना मेरे लिए बहुत मायने रखता है।" डोनल बिष्ट ने कहा कि हिंदीभाषी दर्शक भी तेलुगु फिल्मों को उतना ही प्यार देते हैं।

मैं बहुत खुश हूं कि साउथ फिल्म इंडस्ट्री ने मुझे खुले दिल से स्वीकार किया। मेरे मन में सिर्फ आभार है और मैं खुद को बहुत भाग्यशाली महसूस करती हूं।

अभिनेत्री ने कहा, "मैंने टीवी और वेब प्लेटफॉर्म पर काम किया है, लेकिन खुद को पहली बार इतने बड़े पर्दे पर देखना बहुत भावुक कर देने वाला था। हर नया अवसर मुझे कुछ नया सिखाता है और इस फिल्म ने मुझे फिल्म निर्माण को एक नए नजरिए से समझने का मौका दिया। इससे मुझे एहसास हुआ कि एक कलाकार के तौर पर अभी मुझे बहुत कुछ सीखना है।" डोनल ने यह भी कहा कि वह आगे भी हिंदी फिल्मों के साथ-साथ तेलुगु सिनेमा में काम करना चाहती हैं।

उन्होंने कहा, "फिल्मों की दुनिया में यह मेरा पहला कदम है और अब तक मिले हर प्यार और समर्थन के लिए मैं दिल से आभारी हूं।

मैं उम्मीद करती हूं कि आगे भी ऐसे सार्थक प्रोजेक्ट्स का हिस्सा बनूं और एक कलाकार के रूप में लगातार आगे बढ़ती रहूं।" डोनल बिष्ट ने कहा कि किसी भी कलाकार के लिए नई भाषा और नए सांस्कृतिक माहौल में काम करना एक चुनौती के साथ-साथ सीखने का अवसर भी होता है। उन्होंने बताया कि फिल्म की पूरी टीम ने उन्हें शुरुआत से ही सहयोग दिया, जिससे भाषा और कार्यशैली से जुड़ी कठिनाइयों को पार करना आसान हो गया।

# सार समाचार

## इजरायल के ऊर्जा मंत्री बोले, 'ईरान ने हमला किया तो देंगे करारा जवाब'



तेल अवीव। इजरायल के ऊर्जा मंत्री एली कोहेन ने गुरुवार को कहा कि देश किसी भी संभावित खतरे से निपटने के लिए 'हाई अलर्ट' पर है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि ईरान ने कोई हमला किया तो इजरायल उसका करारा जवाब देगा। स्थानीय रेडियो स्टेशन 103एफएम को दिए इंटरव्यू में कोहेन ने कहा कि इजरायल पिछले तीन सप्ताह से पूरे क्षेत्र के घटनाक्रम पर करीबी नजर रखे हुए है। उन्होंने कहा, "मध्य पूर्व को अस्थिर करने वाला केवल एक देश है और वह ईरान है। यदि ईरान कोई गलती करता है, तो हम पूरी ताकत से जवाब देंगे।"

कोहेन ने कहा, "इजरायल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि ईरान परमाणु हथियार हासिल न कर सके। क्षेत्र में दीर्घकालिक स्थिरता के लिए तेहरान में सत्ता परिवर्तन आवश्यक है।"

उन्होंने अमेरिका और ईरान के बीच हुए समझौते की भी आलोचना करते हुए कहा कि इजरायल ने पहले ही वॉशिंगटन से कहा था कि तेहरान के साथ समझौते काकोहेन का यह बयान ऐसे समय आया है जब इसका कोई लाभ नहीं है।

कोहेन का यह बयान ऐसे समय आया है जब इजरायली सार्वजनिक प्रसारक केएएन ने बुधवार को रिपोर्ट दी कि अमेरिका द्वारा ईरान पर हमले तेज किए जाने के बाद इजरायल ने संभावित सैन्य टकराव की आशंका को देखते हुए अपना सुरक्षा अलर्ट बढ़ा दिया है। रिपोर्ट के अनुसार, इजरायली सुरक्षा एजेंसियों का मानना है कि हालिया घटनाक्रम से मौजूदा तनाव में इजरायल के सीधे शामिल होने की संभावना बढ़ गई है।

केएएन की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका ने इजरायल को सूचित किया है कि वह आने वाले दिनों में ईरान पर अपने हमले और तेज कर सकता है।

## ट्रंप सशर्त सऊदी अरब से सिविल न्यूक्लियर डील को तैयार



वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को कहा कि अमेरिका और सऊदी अरब के बीच प्रस्तावित सिविल न्यूक्लियर डील पूरी तरह इस बात पर निर्भर करेगी कि सऊदी अरब अब्राहम समझौते में शामिल होता है या नहीं। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा, "अमेरिका असैन्य परमाणु सुविधाओं का विरोध नहीं करता और प्रस्तावित समझौता केवल शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए होगा। यह वही मॉडल है, जैसा ईरान, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और अन्य देशों के पास पहले से मौजूद है।" प्रस्तावित समझौते के तहत सऊदी अरब को अमेरिकी तकनीक की मदद से परमाणु रिएक्टर बनाने और यूरेनियम संवर्धन की अनुमति मिलेगी।

## पाकिस्तान: भारी बारिश और फ्लैश फ्लड ने मचाई तबाही, खैबर पख्तूनख्वा में 18 की मौत



इस्लामाबाद। पाकिस्तान में मूसलाधार बारिश और फ्लैश फ्लड ने बड़े स्तर पर तबाही मचाई है। खैबर पख्तूनख्वा (केपी) प्रांत में 19 जुलाई से अब तक बारिश और बाढ़ से जुड़ी घटनाओं में 18 लोगों की मौत हो गई जबकि 19 अन्य घायल हुए हैं। यह जानकारी प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (पीडीएमए) ने गुरुवार को दी। पीडीएमए के अनुसार, अधिकांश मौत मकानों की छत या दीवार गिरने और लोगों के फ्लैश फ्लड की चपेट में आने से हुईं। मृतकों में आठ बच्चे, सात पुरुष और तीन महिलाएं शामिल हैं। वहीं, घायलों में 11 पुरुष, चार महिलाएं और चार बच्चे हैं। बारिश और बाढ़ से 30 मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं, जिनमें 23 आंशिक रूप से और सात पूरी तरह से नष्ट हो गए। बारिश से जुड़ी घटनाएं बुनेर, स्वाबी, मर्दान, बाजौर, शांगला, लोअर चितराल, पेशावर, नौशेरा, खैबर, लोअर और अपर दीर, एबटाबाद, मानसेहरा, तोर घर, कुर्रम तथा उत्तर और दक्षिण वजीरिस्तान सहित कई जिलों में दर्ज की गई हैं।

पीडीएमए ने बताया कि रेस्क्यू 1122, जिला प्रशासन और अन्य संबंधित विभागों के साथ मिलकर प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव अभियान जारी है। उधर, पंजाब प्रांत के गुजरांवाला, नारोवाल, पाकपत्तन और लाहौर में भी बारिश से जुड़ी घटनाओं में आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि 14 अन्य घायल हुए हैं।

सबसे अधिक प्रभावित गुजरांवाला रहा, जहां मकानों की छत और दीवार गिरने, तालाबों में डूबने और करंट लगने जैसी घटनाओं में छह लोगों, जिनमें अधिकांश बच्चे थे, की जान चली गई। वहीं, पाकपत्तन में बारिश के दौरान मकान की छत गिरने से दो मासूम बच्चों की मौत हो गई और उनकी मां घायल हो गईं।

# ईरान ने अमेरिका को दे दी बहुत बड़ी चोट! कुवैत और जॉर्डन में हमले के बाद किया बड़ा दावा



तेहरान। ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स और ईरानी सेना ने गुरुवार को कुवैत और जॉर्डन में स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर जवाबी हमले करने का दावा किया है। ईरान का कहना है कि यह कार्रवाई अमेरिका द्वारा उसके खिलाफ लगातार किए जा रहे हमलों के जवाब में की गई। हालांकि, इन दावों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है। ईरान की सरकारी मीडिया इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान ब्रॉडकास्टिंग के मुताबिक, IRGC ने बयान जारी कर कहा कि जॉर्डन में अमेरिकी सैन्य अड्डों पर तेज हमले कर अमेरिकी थाड मिसाइल डिफेंस सिस्टम के रडार को नष्ट कर दिया गया है। बता दें कि ईरान ने लगातार कहा है कि वह अमेरिकी हमलों का जवाब देता रहेगा। IRGC ने दावा किया कि हमलों में पैट्रियट मिसाइल रक्षा प्रणाली, सी-रैम (C-RAM) रडार भी नष्ट कर दिए गए। इसके अलावा अमेरिकी सैन्य अड्डे पर मौजूद ईंधन टैंकों में आग लगा दी गई। IRGC का यह भी दावा है कि हेलीकॉप्टर उपकरणों का बड़ा गोदाम और हेलीकॉप्टरों की मरम्मत एवं रखरखाव केंद्र भी हमलों में क्षतिग्रस्त होकर नष्ट हो गए। जॉर्डन की जनता को संबोधित करते हुए IRGC ने कहा कि ईरान जॉर्डन की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करता है, लेकिन उसके अनुसार अमेरिकी सैन्य ठिकानों की मौजूदगी ही जॉर्डन की संप्रभुता का उल्लंघन है। दूसरी ओर, ईरानी सेना ने 'ऑपरेशन लाइटनिंग' के 23वें फेज का ऐलान करते हुए दावा किया कि उसने ड्रोन हमलों के जरिए कुवैत में स्थित अमेरिका के 3 सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है। ईरानी सेना के जनसंपर्क विभाग के मुताबिक, ड्रोन हमलों में दोहा बेस पर मौजूद गोला-बारूद और लॉजिस्टिक्स डिपो, अली अल सलेम बेस के ईंधन टैंक और अरिफजान कैंप के गोला-बारूद डिपो को निशाना बनाया गया। IRGC ने एक अन्य बयान में कहा कि उसके बलों ने कुवैत के अली अल सलेम एयर बेस पर अमेरिकी सैन्य सुविधाओं को निशाना बनाया है। CENTCOM ने यह भी कहा कि इस महीने अमेरिकी सेना ने ईरान के भीतर दर्जनों सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है।

# पाकिस्तान: बलूचिस्तान में जज की गोली मारकर हत्या, सुरक्षाकर्मी भी ढेर




क्वेटा। पाकिस्तान के बलूचिस्तान में गुरुवार को अज्ञात बंदूकधारियों ने एक जज की गोली मारकर हत्या कर दी। जिला एवं सत्र न्यायाधीश अब्दुल हकीम काकर के साथ ही उनका सुरक्षाकर्मी भी इस हमले में मारा गया। वहीं, अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश तारिक लशारी समेत दो अन्य लोग घायल हो गए। प्रमुख दैनिक डॉन ने स्थानीय अधिकारियों के हवाले से बताया कि जज अब्दुल हकीम काकर और अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश तारिक लशारी क्वेटा से मस्तुंग जा रहे थे। इसी दौरान वली खान क्रॉसिंग के पास अज्ञात हथियारबंद हमलावरों ने उनके काफिले पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। बलूचिस्तान गृह विभाग के अधिकारी बाबर यूसुफजई ने बताया कि हमले में जज काकर और उनके सुरक्षाकर्मी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि घायल हुए लोगों को इलाज के लिए मस्तुंग अस्पताल में भर्ती कराया गया। एक दिन पहले ही मस्तुंग के खुद कोचा इलाके में कराची जा रही एक यात्री बस पर हमला किया गया था। इस हमले में तीन लोगों की मौत हो गई थी और पांच घायल हो गए थे। हमलावरों ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक पुल को भी बम से उड़ा दिया था। घटना के बाद प्रशासन ने बुधवार रात 9 बजे से खुद कोचा उप-तहसील में अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लागू कर दिया। हालिया हमला सुरक्षा बलों द्वारा इस सप्ताह मस्तुंग में तीन कथित आतंकवादियों के मारे जाने के बाद हुआ है। पाकिस्तान सेना की मीडिया शाखा आईएसपीआर के अनुसार, इस अभियान में दो आत्मघाती हमलावरों और उनके एक सहयोगी को भी गिरफ्तार किया गया था। वहीं, सुराब जिले में भी सात कथित आतंकी मारे गए थे। कहा गया कि बदहाल कानून-व्यवस्था को देखते हुए सरकार ने ये कदम उठाया है।

# बांग्लादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन जल्द दे सकते हैं इस्तीफा, राजनीतिक हलचल तेज



ढाका। बांग्लादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन जल्द इस्तीफा दे सकते हैं। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, कई सूत्रों ने दावा किया है कि राष्ट्रपति पद छोड़ने की प्रक्रिया जल्द शुरू हो सकती है। इसकी अटकलें काफी दिनों से लगाई जा रही थी। मोहम्मद शहाबुद्दीन ने अप्रैल 2023 में राष्ट्रपति पद संभाला था और जुलाई 2024 के बड़े प्रदर्शनों के बाद भी अपने पद पर बने रहने वाले देश के एकमात्र शीर्ष संवैधानिक पदाधिकारी हैं। बांग्लादेश के प्रमुख दैनिक 'द डेली स्टार' ने सूत्रों के हवाले से बताया कि राष्ट्रपति इस साल मई में इलाज के लिए लंदन गए थे। इस दौरान उनकी पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना से फोन पर बातचीत हुई थी। रिपोर्ट के अनुसार, खुफिया एजेंसियों को इस बातचीत की जानकारी मिलने के बाद राष्ट्रपति से पद छोड़ने को कहा गया।

हालांकि, बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि यह फोन बातचीत ही इस्तीफे का एकमात्र कारण नहीं है और पूरा मामला इससे कहीं अधिक जटिल है। 'टाइम्स ऑफ बांग्लादेश' के अनुसार, राष्ट्रपति के करीबी एक सूत्र ने दावा किया है कि शहाबुद्दीन 31 जुलाई तक इस्तीफा दे सकते हैं और इसके बाद ढाका के गुलशन स्थित अपने आवास पर स्थानांतरित हो सकते हैं।

वहीं, राष्ट्रपति शहाबुद्दीन ने फोन पर बातचीत में इस्तीफे से इनकार नहीं किया, लेकिन इस विषय पर अधिक जानकारी देने से मना कर दिया। राष्ट्रपति के संभावित इस्तीफे की खबर ऐसे समय सामने आई है जब बीएनपी नेतृत्व वाली सरकार अवामी लीग से जुड़े नेताओं पर कार्रवाई तेज कर रही है।

यह घटनाक्रम राष्ट्रपति शहाबुद्दीन के उन हालिया दावों के बाद भी आया है, जिनमें उन्होंने कहा था कि पूर्व मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार ने उन्हें पद से हटाने की काफी कोशिश की थी।

इस साल की शुरुआत में बांग्लादेशी अखबार कालेर कांठो को दिए एक साक्षात्कार में शहाबुद्दीन ने दावा किया था कि अंतरिम सरकार के लगभग डेढ़ साल के कार्यकाल के दौरान उन्हें महत्वपूर्ण चर्चाओं से दूर रखा गया।

# लावरोव और रूबियो की मुलाकात, यूक्रेन संघर्ष के समाधान पर हुई बात

मनीला। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने गुरुवार को मनीला में आयोजित आसियान मंत्रिस्तरीय बैठकों के दौरान अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो से मुलाकात की। इस बैठक में यूक्रेन संघर्ष सुलझाने को लेकर मास्को तत्पर दिखा और 'एंकोरेज फॉर्मूले' को लेकर प्रतिबद्धता जताई। रूसी मीडिया के अनुसार, लावरोव ने कहा कि यूक्रेन संघर्ष के समाधान के लिए मास्को तैयार है और एंकोरेज में हुई सहमति को लेकर प्रतिबद्धता बनाए जताई। उन्होंने रूबियो को युद्ध क्षेत्र की मौजूदा स्थिति की जानकारी दी और यूक्रेन को आगे हथियारों की आपूर्ति नहीं करने के महत्व पर जोर दिया। रूस के विदेश मंत्रालय के हवाले से बताया गया कि दोनों नेताओं ने रूस और अमेरिका के राजनयिक मिशनों के कामकाज को सामान्य बनाने के मुद्दे पर भी चर्चा की।

इसके अलावा पश्चिम एशिया की स्थिति सहित कई क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान हुआ।

रूसी समाचार एजेंसी टीएएसएस के अनुसार, दोनों विदेश मंत्रियों ने इस बात पर सहमति जताई कि विदेश मंत्रालयों के बीच संपर्क जारी रखा जाएगा, जिसमें अंतरराष्ट्रीय संगठनों के मंच भी शामिल हैं।

बैठक में भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर और अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। इससे पहले 26 जून में लावरोव ने यूक्रेन संकट के समाधान में अमेरिका की भूमिका को लेकर स्पष्टता की मांग की थी। यह बयान मार्को रूबियो की उन टिप्पणियों के बाद आया था, जिनमें उन्होंने एंकोरेज शिखर बैठक के परिणामों पर चर्चा की थी।

# विदेश मंत्री जयशंकर ने फिलीपींस के राष्ट्रपति से की मुलाकात, रणनीतिक साझेदारी मजबूत करने पर जोर



मनीला। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने गुरुवार को फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड आर. मार्कोस जूनियर से मुलाकात कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से शुभकामनाएं पहुंचाईं और आसियान की अध्यक्षता के लिए भारत का पूर्ण समर्थन जारी रखने की बात कही। जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी दी। कहा कि उन्हें राष्ट्रपति मार्कोस जूनियर से मुलाकात कर खुशी हुई। उन्होंने कहा, "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शुभकामनाएं राष्ट्रपति मार्कोस जूनियर तक पहुंचाईं और आसियान की अध्यक्षता के सफल संचालन के लिए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया। भारत-फिलीपींस कार्ययोजना 2025-2029 के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी लगातार मजबूत हो रही है।"

विदेश मंत्री जयशंकर फिलीपींस की आधिकारिक यात्रा पर हैं, जहां वह आसियान ढांचे के तहत आयोजित विदेश मंत्रियों की बैठकों में भाग ले रहे हैं।

इससे पहले बुधवार को उन्होंने फिलीपींस की विदेश मंत्री मारिया थेरेसा पी. लाजारो से मुलाकात की थी। दोनों नेताओं ने भारत-फिलीपींस रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के उपायों पर चर्चा की तथा इंडो-पैसिफिक क्षेत्र के हालिया घटनाक्रमों की समीक्षा की।

जयशंकर ने बताया कि दोनों देशों के बीच व्यापार एवं निवेश, शिक्षा, रक्षा और सुरक्षा, समुद्री सहयोग, क्षमता निर्माण तथा विकास सहयोग जैसे क्षेत्रों में सहयोग को और आगे बढ़ाने पर सहमति बनी।

बैठक के बाद फिलीपींस की विदेश मंत्री थेरेसा लाजारो ने भी कहा कि दोनों नेताओं के बीच रणनीतिक साझेदारी को लेकर सार्थक और सकारात्मक चर्चा हुई। उन्होंने कहा, "दोनों देशों ने फिनटेक, व्यापार एवं निवेश, उच्च शिक्षा, दवा उद्योग, रक्षा, समुद्री सुरक्षा और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में सहयोग को और मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।" भारत में फिलीपींस के राजदूत जोसेल एफ. इग्नासियो ने आईएएनएस से बातचीत में जयशंकर की यात्रा को महत्वपूर्ण बताया था। उन्होंने कहा, "विदेश मंत्री वर्ष 2022, 2024 और अब 2026 में लगातार फिलीपींस का दौरा कर चुके हैं। इस नियमित संवाद से दोनों देशों के बीच आपसी हितों से जुड़े मुद्दों पर गहन चर्चा का अवसर मिलता है।"

उन्होंने यह भी बताया कि मनीला में आसियान-भारत पोस्ट-मिनिस्ट्रियल कॉन्फ्रेंस के साथ-साथ क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक का आयोजन भी हुआ, जिसे क्षेत्रीय सहयोग की दिशा में एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है।

# विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पापुआ न्यू गिनी, ब्रुनेई के विदेश मंत्रियों के साथ की द्विपक्षीय वार्ता



मनीला। भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने गुरुवार को मनीला में आसियान रीजनल फोरम (एआरएफ) के मौके पर पापुआ न्यू गिनी और ब्रुनेई के अपने समकक्षों के साथ कई द्विपक्षीय बैठकें कीं। इस दौरान द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने और प्रमुख क्षेत्रों में जुड़ाव बढ़ाने पर चर्चा हुई। पापुआ न्यू गिनी के विदेश मंत्री जस्टिन डब्ल्यू. टकाचेंको के साथ अपनी मीटिंग के दौरान, विदेश मंत्री जयशंकर ने प्रशांत महासागर के द्वीपीय देश की विकास प्राथमिकता के साथ-साथ समुद्री सुरक्षा को समर्थन करने के लिए भारत की तैयारी पर जोर दिया। दोनों नेताओं ने फोरम फॉर भारत-पैसिफिक आइलैंड्स कोऑपरेशन (एफआईपीआईसी) के जरिए आपसी सहयोग को गहरा करने पर भी चर्चा की। बैठक की जानकारी साझा करते हुए विदेश मंत्री जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, "मनीला, फिलीपींस, आसियान में पापुआ न्यू गिनी के विदेश मंत्री जस्टिन डब्ल्यू. टकाचेंको से मिलकर खुशी हुई। फोरम फॉर इंडिया-पैसिफिक आइलैंड्स कोऑपरेशन के जरिए द्विपक्षीय सहयोग के बारे में बात की। भारत पैसिफिक आइलैंड देशों के विकास और कैपेसिटी बिल्डिंग प्राथमिकता के लिए उनके साथ साझेदारी करने के लिए तैयार है, साथ ही उनकी समुद्री सुरक्षा को भी समर्थन करेगा।" विदेश मंत्री जयशंकर ने ब्रुनेई के विदेश मंत्री अब्दुल मतीन से भी मुलाकात की। इस दौरान दोनों पक्षों ने नई तकनीक में सहयोग बढ़ाने पर बात की और आसियान के जरिए जुड़ाव को और मजबूत करते हुए भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी के तहत द्विपक्षीय साझेदारी को आगे बढ़ाने पर सहमत हुए।

# नेपाल ने भारत-बांग्लादेश को बिजली बेचकर की रिकॉर्ड कमाई

काठमांडू। नेपाल ने वित्त वर्ष 2025-26 में बिजली निर्यात से रिकॉर्ड कमाई की है। देश ने मानसून के दौरान अतिरिक्त जलविद्युत उत्पादन कर भारत और बांग्लादेश को बिजली बेचकर 29.32 अरब नेपाली रुपए की कमाई की। नेपाल विद्युत प्राधिकरण (एनईए) के अनुसार, यह आय पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 67.96 प्रतिशत अधिक है और बिजली निर्यात से अब तक की सबसे बड़ी वार्षिक कमाई है।

वित्त वर्ष 2024-25 में नेपाल ने बिजली निर्यात से 17.46 अरब नेपाली रुपए अर्जित किए थे। एनईए के आंकड़ों के अनुसार, नेपाल का बिजली निर्यात वित्त वर्ष 2024-25 में 2.3829 अरब यूनिट (केडब्ल्यूएच) से बढ़कर वित्त वर्ष 2025-26 में 3.877 अरब यूनिट हो गया। नेपाल ने औसतन 7.56 नेपाली रुपए प्रति यूनिट की दर से बिजली बेचकर यह रिकॉर्ड आय हासिल की। नेपाल की बिजली का सबसे बड़ा खरीदार भारत बना हुआ है। इसके अलावा, भारत के ट्रांसमिशन ग्रिड के माध्यम से नेपाल, बांग्लादेश को भी बिजली निर्यात कर रहा है।

भारत के बिजली बाजारों में इंडियन एनर्जी एक्सचेंज (आईईएक्स) डे-अहेड मार्केट, रियल-टाइम मार्केट और भारत की एनटीपीसी विद्युत व्यापार निगम (एनवीवीएन) के साथ दीर्घकालिक बिजली व्यापार समझौते के तहत नेपाल बिजली बेचता है। वित्त वर्ष 2024-25 में नेपाल ने 1.6804 अरब यूनिट बिजली आयात की थी, जिस पर 12.92 अरब नेपाली रुपए खर्च हुए थे।

# SPORTS NEWS

## SA20 2027 schedule announced, tournament to open with rematch of 2026 final; Newlands to host title clash

The SA20 organisers on Thursday announced the schedule for the upcoming season, with defending champions Sunrisers Eastern Cape and Pretoria Capitals playing a repeat of last season's final in the first match of the fifth season. The tournament will be played across six stadiums from January 17 to February 21. The SA20 has hogged the limelight in the past few seasons. It has also helped in churning out domestic talents in South Africa, former Proteas speedster Dale Steyn had recently stated. Coming back to the schedule for the upcoming season. St George's Park in Gqeberha will kick the tournament off on January 17, while Newlands will be hosting the final for the second time in a row and for the third time overall. The near month-long league stage will feature four Saturday double-headers, falling on January 23, January 30, February 6 and February 13. The league stage will run till February 14 with MI Cape Town facing Pretoria Capitals.

## Yuvraj Singh, Shikhar Dhawan, Manu Bhaker among other athletes break silence on students' protest in Delhi



The students' protest demanding Union Education Minister Dharmendra Pradhan's resignation over the NEET-UG paper leak has escalated, and now voices from outside the political sphere are being heard. The protest led by the CJP has taken a violent turn, with the opposition also becoming a part of it. For more than a month, the protesters have taken to the streets of Central Delhi to demand educational reforms.

Police, in the last couple of days, have blocked exits and metro gates to stop the students and also allegedly used force, including lathi charges and tear gas on July 20 during the proposed Parliament march. Indian athletes Nikhat Zareen, Manu Bhaker, Sahal Abdul Samad, along with former sports stars Abhinav Bindra, Yuvraj Singh and Shikhar Dhawan, took to social media urging patience and dialogue between the government and protesting students. Former Indian cricket stars Yuvraj Singh and Shikhar Dhawan highlighted the importance of patience and keeping faith in the country's government amid the protests. Shikhar, in particular, stressed that every challenge finds resolution through patience.

## Vaibhav Sooryavanshi creates world record, shatters Sachin Tendulkar's India feat with Zimbabwe fifty



Vaibhav Sooryavanshi has etched his name into the history books as he smashed his maiden T20I half-century during the first T20I against Zimbabwe at the Harare Sports Club on Thursday, July 23. Sooryavanshi, who had an underwhelming start to his International career, made the most of the fourth opportunity he got in Indian colours with a stellar fifty in Harare. The 15-year-old Sooryavanshi created a huge record as he became the youngest-ever batter to hit an international fifty. At 15y and 118d, Sooryavanshi shattered the previous record of Nepal's Kushal Malla, who was 15y and 340d old when he hit a fifty during an ODI against USA in 2020. Meanwhile, Sooryavanshi also broke the India record of Sachin Tendulkar with his stroke-filled fifty. Tendulkar was the youngest half-centurion from India when he was 16y and 213 days old after smashing a fifty during the Faisalabad Test against Pakistan. Sooryavanshi is also the youngest to score a T20I fifty. The previous record was held by Gibraltar's Louis Bruce, who was 16y and 56d old when he smashed a fifty against Malta in 2021. Afghanistan's Rahmanullah Gurbaz was 17y 296d when he smashed a fifty against Zimbabwe in 2019. The Indian bowlers did well to restrict Zimbabwe to 125/7. Making his comeback after 2024, Mayank Yadav scalped two wickets for 18 in his four overs.

## Commonwealth Games Opening ceremony live streaming details: When and where to watch event in India?




The Commonwealth Games kick off on July 23 as Glasgow hosts 74 nations participating in 10 sporting events for the quadrennial event that will run till August 2. The CWG 2026 is still a prestigious event, but the sporting disciplines have been truncated from 19 for the 2022 CWG to just 10 for the Glasgow Games. India have sent a contingent of 125 athletes with 77 men and 48 female athletes bidding for glory. Neeraj Chopra, Mirabani Chanu, Lovlina Borgohain and Jaismine Lamboria, among others, headline the contingent. The Games have kicked off with some events taking place before the opening ceremony. India's Putul Sonowal registered a win in his first match of the bowls, stunning the current world outdoor champion Ryan Bester, while India's women's pair of Rupa Rani Tirkey (lead) and Pinki Singh (skip) defeated the Maltese duo of Rebecca Louise Rixon (lead) and Connie-Leigh Rixon (skip) in the women's bowls event. However, the action now shifts to the opening ceremony as decorated weightlifter and three-time CWG medallist Mirabai Chanu and star boxer Lovlina Borgohain will be the flag-bearers of the Indian contingent for the CWG 2026. Chanu and Borgohain are both Olympic medallists too, with the weightlifter having won a silver in the 2021 Tokyo Games and Borgohain having clinched a bronze in the same Olympics. While Borgohain had not won a Commonwealth medal in her previous appearances, she has assured a medal at the 2026 CWG after earning a bye in the quarterfinals and moving into the semifinals. Stars will set the stage alight at the opening ceremony as the likes of Tom Walker, KT Tunstall, Callum Beattie, Nina Nesbitt, Valtos, Nathan Evans, and Saint PHNX will be performing at the Glasgow opening ceremony. The Commonwealth Games 2026 opening ceremony is scheduled to start at 12:30 AM IST (on July 24). Fans can tune in to the Sony Sports Network to watch the opening ceremony live on TV in India, while users can stream the ceremony online on the SonyLiv app and website. The Commonwealth Games 2026 officially get underway on July 23, with Glasgow once again playing host to one of the biggest multi-sport events in the world. Athletes from 74 Commonwealth nations and territories will compete across 10 sporting disciplines during the quadrennial event, which runs until August 2.

## Who is Putul Sonowal, the 43-year-old Indian who stunned world champion in bowls at Commonwealth Games?



India's Putul Sonowal made headlines for defeating the reigning world outdoor champion Ryan Bester in the bowls event at the Commonwealth Games 2026 on Thursday, July 23. Sonowal, the 43-year-old, defeated the Canadian champion in a tie-breaker in Section D to march into the next round. Sonowal, who is making his Commonwealth Games debut, won the first set 5-4 before the Canadian made a comeback to with a 7-3 win in the second set. The contest moved into the tie-breaker, where the Indian kept his nerve to bag a famous win. He will now be up against Falkland Islands' Cecil Alexander in the second match tomorrow. The victory stands as a historic one, considering Bester is the current world outdoor champion. He has seven World Outdoor Championships medals in Singles and Pairs. The Canadian also won a gold and a bronze in the singles event in 2023 in Paris. Bester won a bronze in the 2006 CWG and silver each in the 2014 and 2018 Games. He was also placed in the first World Bowls Hall of Fame class in 2025. He has won a gold medal at the Asian Lawn Bowls Championships in 2026, a huge milestone in his career.

## PV Sindhu, Lakshya Sen, Ayush Shetty knocked out of China Open 2026 on same day



India's challenge at the China Open 2026 came to an end on Thursday, July 23, after PV Sindhu, Lakshya Sen and Ayush Shetty were all eliminated in the second round of the BWF Super 1000 tournament in Changzhou.

Sindhu came closest to advancing, taking fourth seed Chen Yufei to three games before the home favourite recovered to book a place in the quarter-finals. The former world champion eventually went down 16-21, 22-20, 21-18 after an hour and 29 minutes of competition.

The defeat came just a week after Sindhu had overcome Chen Yufei in the semi-finals of the Japan Open on her way to lifting the title.

She erased the deficit to level at 16-16 before winning five of the next six points to move ahead in the contest.

## Sachin Tendulkar, Shubman Gill react to students' protests in Delhi, Master Blaster shares father's teachings



India cricket legend Sachin Tendulkar and ODI and Test captain Shubman Gill reacted to the ongoing students' protests in Delhi against the alleged NEET paper leak. Tendulkar shared an anecdote on his father's teachings from the early days and hoped that the nation would find a solution to the problems being faced by the students. The NEET paper leak protest has gripped the nation in the Jantar Mantar protest, which has been on for over a month and a half now. The students have been demanding the resignation of Union Education Minister Dharmendra Pradhan due to the paper leak. Meanwhile, Tendulkar reacted to the protests, sharing an anecdote from his teachings from his father Ramesh Tendulkar, who was a professor by profession. "My father was a professor. He was a mentor and guide to many young students. One lesson that he instilled early on was, 'Failure is okay, cheating is not. Never take shortcuts,'" Tendukar wrote in a social media post on X. "As adults in society, we have the responsibility of shaping culture. A society which prioritises outcomes over effort will seek shortcuts over meritocracy. Today, when students feel disappointed that their hard work hasn't been rewarded, it is understandable. Collectively, we should all work together towards ensuring they don't feel this way again," he further added. Tendulkar put his weight behind the students, calling them 'young India' and the 'fuel to our success'. "Young India is full of dreams and energy. They are the fuel to our success. As a society, all of us, including parents, teachers, friends, relatives, schools, and administrators, have a massive responsibility and different roles to play in ensuring our youth remain encouraged and energised.

## India break title hangover hoodoo to register first win under Shreyas Iyer in Zimbabwe



India's T20 title hangover seems to have ended as the Men in Blue broke the hoodoo with a crucial win in the first T20I of the three-match series against Zimbabwe on Thursday, July 23, at the Harare Sports Club.

Shreyas Iyer, Ishan Kishan and Vaibhav Sooryavanshi led the Men in Blue in the middling chase of 126 to mark India's first win after seven winless games in T20Is. Sooryavanshi slammed a record-breaking fifty, becoming the youngest-ever player to hit an international fifty. He scored a stroke-filled 50 from 18 balls before departing on the very next delivery. However, Ishan Kishan and captain Shreyas Iyer joined hands to keep the momentum up, and while Kishan was dismissed caught at covers, Shreyas and vice-captain Tilak Varma powered the visitors to a seven-wicket win with 40 balls to spare. During his 19-ball 50, Sooryavanshi broke several huge records. Apart from becoming the youngest-ever half-centurion in international cricket, he is also the youngest Indian to have scored a half-century across the three formats and also the youngest to have hit a T20I fifty.

At 15y and 118d, Sooryavanshi broke Nepal's Kushal Malla's record for the youngest international half-centurion.

## Lovlina Borgohain confirms India's first medal in Commonwealth Games

India opened their account at the 2026 Commonwealth Games before the opening ceremony.

Boxer Lovlina Borgohain became the country's first confirmed medallist after securing a direct place in the women's 75kg semifinals. The Olympic medallist from Assam received a bye into the last four of her category, guaranteeing herself at least a bronze medal.

Under Commonwealth Games boxing rules, all losing semifinalists finish with bronze medals, ensuring Lovlina a podium finish before her first bout in Glasgow. Notably, Lovlina will begin her campaign on July 31, when she faces T.K.B.P. Taafaki for a place in the gold medal match. A victory would send the Indian boxer into the final, while defeat would still leave her with the bronze already assured.

# 'सोनम बस हो गया, इसे और आगे मत बढ़ाओ', सलमान खान ने फिर किया पोस्ट; छात्रों से घर जाने को कहा

नीट पेपर लीक विवाद पर दिल्ली के जंतर-मंतर पर इस वक्त प्रदर्शनकारियों की भारी भीड़ है। मौके पर भारी फोर्स की तैनाती की गई है। प्रदर्शनकारी लगातार नारेबाजी कर रहे हैं। इस बीच बॉलीवुड एक्टर सलमान खान ने छात्रों से घर लौटने की अपील की है। सलमान खान ने पेपर लीक के मुद्दे पर छात्रों के आंदोलन को लेकर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है। सलमान खान ने एक्स पर अपने पोस्ट में लिखा कि मुझे यकीन है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पेपर लीक के लिए ज़िम्मेदार सभी लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे। इसलिए छात्रों प्लीज़ अपने माता-पिता के पास और घर लौट जाइए।

खास बात यह है कि छात्रों के प्रोटेस्ट को लेकर सलमान खान का 24 घंटे के अंदर दूसरा पोस्ट है। सलमान खान ने लिखा है, ''पढ़ाई और सुरक्षा, दोनों ही मामलों में छात्र हमारी पहली प्राथमिकता हैं इसलिए उन्हें और उनके माता-पिता को चिंता करने की ज़रूरत नहीं है। माननीय प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया है और मुझे यकीन है कि वे इस पेपर लीक के लिए जिम्मेदार सभी लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे। इसलिए छात्रों, प्लीज़ अपने माता-पिता के पास और घर लौट जाइए। आगे उन्होंने लिखा है, "सोनम, बस हो गया। इसे और आगे मत बढ़ाओ। अगर जरूरत पड़ी तो इस जज्बे को किसी और दिन के लिए बचाकर रखना (हालांकि मुझे नहीं लगता कि जरूरत पड़ेगी) और कुछ खा-पी लो। अगर चाहो तो मैं घर से खाना भेज दूंगा।" बता दें कि इससे एक दिन पहले सलमान खान ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन की तारीफ करते हुए सरकार से कड़े कदम उठाने की अपील की थी।



सलमान खान ने एक्स पर अपने पोस्ट में लिखा था कि छात्रों का आंदोलन शांतिपूर्ण था और इसे हिंसक होते देख उन्हें काफी दुख हुआ। उन्होंने प्रदर्शन के दौरान घायल हुए छात्रों और उनके परिवारों के प्रति संवेदना जताई थी। सलमान ने कहा था कि यह मुद्दा छात्रों और शिक्षा व्यवस्था के बीच का है और इसे राजनीतिक रंग नहीं दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस आंदोलन का श्रेय केवल हमारे देश के छात्रों को ही मिलना चाहिए। साथ ही सलमान ने उम्मीद जताई थी कि सरकार भी छात्रों को पूरा समर्थन देगी और शिक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाएगी।

यह सभी के लिए फायदेमंद स्थिति है। सलमान ने सकारात्मक फैसले की उम्मीद और प्रार्थना की है। उन्होंने लिखा कि जो लोग शिक्षित होना चाहते हैं, उन सभी पर ईश्वर की कृपा बनी रहे। उधर, कॉकरोच जनता पार्टी ने कल देशभर में किया प्रदर्शन का ऐलान किया है। पार्टी की ओर से कहा गया है कि ये प्रदर्शन देश के सभी राज्यों और उनके जिलों में होगा।

जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने परीक्षा प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने, दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और भविष्य में पेपर लीक जैसी घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी तंत्र विकसित करने की मांग दोहराई। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि लाखों विद्यार्थियों की मेहनत और भविष्य से जुड़े मामलों में किसी भी तरह की लापरवाही स्वीकार नहीं की जा सकती। मौके पर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों की अतिरिक्त तैनाती की गई है।

## DRDO ने किया कुशा मिसाइल का सफल परीक्षण, हवा में ही दुश्मन को खत्म करेगी

डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन (डीआरडीओ) ने गुरुवार को कुशा मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण किया। ओडिशा के तट पर एपीजे अब्दुल कलाम आइलैंड से 'कुशा' लॉन्ग-रेंज सरफेस-टू-एयर मिसाइल का पहला फ्लाइट टेस्ट सफलतापूर्वक किया गया। यह पहला टेस्ट एक इलेक्ट्रॉनिक टारगेट के खिलाफ किया गया था, जो हाई-स्पीड और हाई-एल्टीट्यूड हवाई खतरे की नकल कर रहा था, जिसे मिसाइल सिस्टम ने सफलतापूर्वक इंटरसेप्ट कर लिया। इससे पहले भारत रुद्रम-II मिसाइल का सफल परीक्षण कर चुका है।

'कुशा' मिसाइल सिस्टम कई तरह के हवाई खतरों को बेअसर करने में सक्षम है, जिसमें फाइटर जेट, मिसाइल, अनमैन्ड एरियल व्हीकल और बड़े दुश्मन एयरक्राफ्ट शामिल हैं, जो एक बड़ी रेंज और ऊंचाई के दायरे में आते हैं। मिसाइल, रडार, कमांड और कंट्रोल सेंटर सहित सभी वेपन सिस्टम एलिमेंट्स को अलग-अलग डीआरडीओ लैब्स और इंडस्ट्री पार्टनर्स ने डेवलप किया है। मैं इस उपलब्धि के लिए डीआरडीओ और दूसरे स्टेकहोल्डर्स को बधाई देता हूं।

## उत्तराखंड में UTU सेमेस्टर परीक्षा का पेपर लीक करने वाला सहायक प्रोफेसर अरेस्ट, छात्रों को भेजा था प्रश्नपत्र



उत्तराखंड टेक्निकल यूनिवर्सिटी (UTU) की सेमेस्टर परीक्षा से पहले छात्रों को परीक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण प्रश्न साझा करने के मामले में दून पुलिस ने एक सहायक प्रोफेसर को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान आशीष कुमार गुप्ता (40) के रूप में हुई है, जो शिवालिक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, झाझरा में सहायक प्रोफेसर के पद पर तैनात है। पुलिस के मुताबिक, 8 जुलाई 2026 को आयोजित UTU की सेमेस्टर परीक्षा को लेकर विश्वविद्यालय को एक ई-मेल के माध्यम से शिकायत मिली थी। इसमें बताया गया कि परीक्षा से पहले 3 जुलाई को सहायक प्रोफेसर ने व्हाट्सएप ग्रुप के जरिए कुछ महत्वपूर्ण प्रश्न छात्रों के साथ साझा किए थे। परीक्षा के बाद जब इन प्रश्नों का मिलान प्रश्नपत्र से किया गया तो उनमें काफी समानता पाई गई। इसके बाद विश्वविद्यालय ने मामले की जांच के लिए आंतरिक जांच समिति गठित की। जांच में सामने आया कि आरोपी सहायक प्रोफेसर ने परीक्षा से पहले छात्रों के आंतरिक पोर्टल और व्हाट्सएप के माध्यम से परीक्षा से संबंधित समान प्रश्न साझा किए थे। आरोप है कि आशीष कुमार गुप्ता ने छात्रों को अनुचित लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से विश्वविद्यालय की परीक्षा प्रणाली की गोपनीयता भंग की।

## राहुल गांधी इंडिया ब्लॉक के सांसदों के साथ सड़क पर उतरे, गांधी स्मृति स्थल पर प्रदर्शन



पेपर लीक मामले पर केंद्र सरकार पर हमलावर राहुल गांधी आज फिर सड़क पर उतर गए हैं। राहुल गांधी इंडिया गठबंधन के सांसदों के साथ 30 जनवरी मार्ग गांधी स्मृति स्थल पर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। बस में सवार होकर वह विपक्षी सांसदों के साथ गांधी स्मृति स्थल पहुंचे।

गांधी स्मृति पहुंचने पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, "हमारे नेता महात्मा गांधी की हत्या यहीं हुई थी। आज मोदी सरकार भारत में लोकतंत्र की हत्या कर रही है। छात्रों पर ज़ुल्म कर रही है और उन्हें पीट रही है। विपक्ष इसे स्वीकार नहीं करेगा। हम छात्रों के साथ हैं और नरेंद्र मोदी को शिक्षा मंत्री को हटाना होगा और माफ़ी मांगनी होगी।" वहीं, कांग्रेस नेता और NSUI के सदस्य गांधी स्मृति के बाहर राहुल गांधी के समर्थन में नारे लगा रहे हैं। प्रदर्शनकारी सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी कर रहे हैं। कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम ने कहा कि परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता पर सवाल उठ रहे हैं।

लगातार पेपर लीक हो रहे हैं। इसे रोकने के लिए कुछ नहीं किया गया है। कोई जवाबदेही तय नहीं की गई है। हम छात्रों की मांग को उठा रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा कि हम उन छात्रों को याद करने जा रहे हैं जिन्हें हमने खो दिया। वे बच्चे जिन्हें NEET पेपर लीक के बाद अपनी जान देने के लिए मजबूर होना पड़ा। हम उन छात्रों के साथ खड़े होने जा रहे हैं, जो घायल हैं, जिन्हें न्याय और जवाबदेही की शांतिपूर्ण मांग करने पर पीटा गया। भारत के छात्र अकेले नहीं हैं। पूरा विपक्ष उनके और उनकी मांगों के साथ खड़ा है।

इस बीच राहुल गांधी के आवास के बाहर दिल्ली पुलिस की मौजूदगी बढ़ाई गई है। यह बैठक NEET-UG पेपर लीक विवाद को लेकर संसद में बने गतिरोध के बीच हो रही है, जिसमें विपक्ष ने चर्चा के लिए शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे और राज्यसभा के नियम 267 के तहत चर्चा की मांग रखी है।

# सांप से कटवा कर पति को मारने वाली दामिनी का होगा प्रेग्नेंसी टेस्ट, जेल में असाइन हुआ काम; मुस्कान भी है साथ

सांप से कटवा कर पति को मौत की नींद सुलाने वाली जेल में बंद दामिनी का प्रेग्नेंसी टेस्ट होगा। दामिनी को उसके प्रेमी तुषार के साथ पुलिस ने अभी हाल में ही गिरफ्तार किया था। पुलिस ने बताया कि दामिनी ने पति की मौत को दुर्घटना दिखाने के लिए एक सांप का इस्तेमाल किया था। उनका मकसद 20 लाख रुपये का इंश्योरेंस क्लेम पाना और अपना रिश्ता जारी रखना था। मृतक अतुल पंवार पत्नी दामिनी के साथ हस्तिनापुर में किड्स प्ले स्कूल चलाते थे। वह अपने बिस्तर पर मृत पाए गए थे। वरिष्ठ जेल अधीक्षक वीरेश राज शर्मा ने बताया कि दामिनी जेल में लाइब्रेरियन और शिक्षिका बन गई है। वह अपने 6 साल के बेटे से मिलना चाहती है। दामिनी को 12B में रखा गया है। उसी बैरक में अपने पति सौरव को प्रेमी के साथ मिलकर मारने वाली मुस्कान भी बंद है। इसी तरह पति को मौत देने वाली कोमल और अंजलि 12 B में बंद है। पति को मौत देने वाली 4 महिलाएं एक बैरक में बंद होने से उनका समूह बन सकता है। वरिष्ठ जेल अधीक्षक वीरेश राज शर्मा ने बताया है कि मुस्कान और दामिनी एक बैरक में हैं। दोनों में बातचीत होती है, लेकिन अभी तक निजी जिंदगी से जुड़ी बातों को आपस में साझा नहीं किया है। दोनों ने ही प्रेम की खातिर प्रेमी के साथ मिलकर सुहाग को ही उजाड़ दिया।



# दिल्ली में CJP प्रदर्शन के दौरान हिंसा करने वालों के पासपोर्ट रद्द करने की तैयारी, पुलिस ने शुरू की जांच

दिल्ली में 20 जुलाई को कॉकरोच जनता पार्टी के विरोध प्रदर्शन के दौरान हिंसा हुई थी। इसमें कई प्रदर्शनकारी छात्र और पुलिसकर्मी घायल हुए थे। अब पुलिस ने हिंसा करने वाले लोगों की पहचान करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। दिल्ली पुलिस से जुड़े सूत्रों के अनुसार कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन के दौरान हिंसा में सीधे तौर पर शामिल पाए जाने वाले लोगों के पासपोर्ट रद्द किए जा सकते हैं। पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि दिल्ली पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज, वीडियो रिकॉर्डिंग और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के माध्यम से उन लोगों की पहचान शुरू कर दी है, जो प्रदर्शन के दौरान दंगा और अन्य हिंसक गतिविधियों में सीधे तौर पर शामिल थे। सूत्रों के अनुसार, हिंसा में सक्रिय रूप से शामिल पाए जाने वाले लोगों के खिलाफ कानूनी प्रावधानों के अनुसार पासपोर्ट रद्द करने की कार्रवाई शुरू की जा सकती है। दिल्ली में 20 जुलाई को प्रदर्शनकारियों और पुलिसकर्मियों के बीच झड़प हुई थी। पुलिस ने संसद भवन की तरफ बढ़ रहे छात्रों पर लाठीचार्ज किया था। वहीं, प्रदर्शनकारियो ने भी हिंसा की थी और पत्थर चलाए थे। इस दौरान 100 से ज्यादा पुलिसकर्मी घायल हुए थे। कई प्रदर्शनकारी छात्रों को भी चोटें आई थीं। अब दिल्ली पुलिस ने इस घटना की जांच शुरू कर दी है। हिंसा करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई शुरू हो चुकी है। इस बीच कई वकीलों ने प्रदर्शनकारियों को कानूनी मदद देने का भी वादा किया है।



# प्रदर्शनकारी छात्रों को झूठे ड्रग्स केस में फंसाने की धमकी देने वाले पुलिसकर्मी पर कार्रवाई, महाराष्ट्र में 90 जगहों पर प्रदर्शन

**गृहराज्य मंत्री योगेश कदम ने बताया कि प्रदर्शनकारी छात्रों को धमकी देने वाले पुलिसकर्मी के खिलाफ कार्रवाई की गई है।**



महाराष्ट्र में प्रदर्शनकारी छात्रों को झूठे ड्रग्स केस में फंसाने की धमकी देने वाले पुलिसकर्मी को काम से हटा दिया गया है। महाराष्ट्र के गृहराज्य मंत्री और शिवसेना (शिंदे गुट) के नेता योगेश कदम ने विपक्ष द्वारा वायरल किए गए पुलिसकर्मी के वीडियो पर कहा कि संबंधित कॉन्स्टेबल/ड्राइवर का व्यवहार पूरी तरह गलत था। सरकार ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए उसके खिलाफ कार्रवाई कर दी है। उन्होंने कहा कि सरकार ऐसे मामलों को लेकर संवेदनशील है और उचित कदम उठा रही है। गृह राज्यमंत्री ने बताया कि बुधवार तक महाराष्ट्र में 90 स्थानों पर विरोध प्रदर्शन हुए हैं। वीबीए ने कई इलाकों में बंद का ऐलान किया।

योगेश कदम ने कहा कि छात्रों के आंदोलन की आड़ में कुछ असामाजिक तत्व भी शामिल हो सकते हैं। इसलिए सरकार और पुलिस सोशल मीडिया पर नजर रखे हुए हैं, ताकि कानून-व्यवस्था बनी रहे। डिजिटल नोटिस भेजने और आंदोलनकारियों की लोकेशन ट्रैक करने के आरोपों पर उन्होंने कहा कि इसमें कोई सच्चाई नहीं है। सरकार किसी की अवैध निगरानी नहीं कर रही है। जिन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई है, उनके खिलाफ केवल कानूनी प्रक्रिया के तहत कार्रवाई की जा रही है। कांग्रेस ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो की जांच की मांग की। इस वीडियो में कथित तौर पर मुंबई का एक पुलिसकर्मी छात्र प्रदर्शनकारियों को ड्रग्स के झूठे मामलों में फंसाने की धमकी देता दिखाई दे रहा है। पार्टी ने इस घटना को "खाकी में गुंडागर्दी" करार दिया। इस वीडियो में कथित तौर पर एक पुलिस वाहन चालक विद्यार्थियों को यह कहते हुए दिखाई दे रहा है कि यदि उन्होंने प्रदर्शनों में हिस्सा लिया तो उन्हें ड्रग्स के झूठे मामलों में फंसा दिया जाएगा और उन्हें पूरी जिंदगी जेल में बितानी पड़ेगी। मुंबई कांग्रेस ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "यदि यह सच है तो यह केवल छात्रों को डराने की कोशिश नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक अधिकारों पर सीधा हमला है। अपनी आवाज उठाना कोई अपराध नहीं है। विद्यार्थियों के सवालों का जवाब जवाबदेही के साथ दिया जाना चाहिए, धमकियों के साथ नहीं।"

## उदयपुर में चौथी मंजिल से कूदी 12वीं की छात्रा, CCTV में कैद चौंकाने वाली मौत; सुसाइड नोट ने बढ़ाया रहस्य



राजस्थान के उदयपुर जिले में एक बिल्डिंग की चौथी मंजिल से 17 साल की छात्रा कूद गई। घटना के तुरंत बाद उसे हॉस्पिटल ले जाया गया लेकिन कुछ समय बाद ही उसने दम तोड दिया। यह पूरा घटनाक्रम सामने एक घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। घटना के बाद पुलिस को मौके से एक सुसाइड नोट भी मिला है जिसमें लिखा हुआ था कि मेरे पापा-मम्मी की कोई गलती नहीं है। छात्रा एक प्राइवेट स्कूल में 12वीं में पढ़ती थी। वह स्कूल से सीधे ही निर्माणाधीन बिल्डिंग पर पहुंची। इसके बाद चौथी मंजिल पर जाकर छलांग लगा दी और इमारत के चबूतरे से टकराते हुए नीचे गिरी। तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। घायल छात्रा को हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां से गंभीर हालत में उदयपुर के लिए रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान छात्रा की मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर पहुंचे थानाधिकारी ने बताया कि छात्रा स्कूटी से निर्माणाधीन बिल्डिंग के बाहर पहुंची।

स्कूटी बाहर खड़ी की और बिल्डिंग में जाने लगी। जब इमारत में काम कर रहे मजदूरों ने उसे रोका तो वह बोली कि अंदर बॉल गई है, उसे लेने जा रही है। इसके बाद वह सीधे चौथी मंजिल पर पहुंची और नीचे कूद गई। मजदूरों की सूचना पर पुलिस पहुंची और छात्रा को हॉस्पिटल भिजवाया। उदयपुर में इलाज के दौरान छात्रा की मौत हो गई। छात्रा की स्कूटी से एक लेटर मिला। इसमें लिखा हुआ था कि मेरे पापा-मम्मी की कोई गलती नहीं है। आई लव यू पापा-मम्मी। थानाधिकारी ने बताया कि अभी सुसाइड का कारण स्पष्ट नहीं हुआ है।

परिवार के सदस्य भी अभी उदयपुर अस्पताल में हैं। वहीं, स्कूल प्रशासन ने बताया कि स्कूल में छात्रा आराम से पढ़ाई कर रही थी। ऐसी कोई बात या कोई संदेह किसी को नहीं था। हम भी घटना से हैरान हैं। बता दें कि एक हफ्ते पहली ही कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में भी एक चौंकाने वाला मामला सामने आया था, जहां एक 7वीं कक्षा के छात्र ने फांसी लगाकर सुसाइड की कोशिश की। आत्मघाती कदम उठाने से पहले छात्र ने अपनी बहन को इसकी जानकारी दी थी। घटनास्थल से मिले सुसाइड नोट को जब्त कर लिया गया है और उसकी जांच की जा रही है।

स्वत्वाधिकारी, स्वामी, प्रकाशक प्रदीप सिंह के लिए मुद्रक ताराचन्द कुमावत महारानी प्रिंटर्स, प्लॉट नं 17, माँ वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड़ जयपुर - 302012 ( राजस्थान) से मुद्रित व 1053, सोसाइटी नगर, शहीद भगत सिंह कॉलोनी, पाली, राजस्थान - 306401 (राजस्थान) से प्रकाशित (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा) समाचार चयन के लिए पी.आर.पी. एक्ट के तहत जिम्मेदार I RNI No. - RJMUL/26/A4290 प्रबंध सम्पादक - प्रदीप सिंह, मो . 9983831415